

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 सितंबर 2024

■ डोंगरगढ़ ब्लॉक के शिक्षक जयप्रकाश का कमाल



# शिक्षक के नवाचार से मिली मदद, उंगलियों से सीख रहे रोमन संख्या लिखना

शिक्षक दिवस विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भविष्य के अंधकार को दूर कर बच्चों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाने वाले शिक्षक कभी-कभी अपने नवाचार से असंभव को भी संभव बना देते हैं। बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा का ऐसा पाठ पढ़ाते हैं कि वह मिशाल बन जाते हैं। कुछ ऐसा ही नवाचर करके राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के शिक्षक जयप्रकाश ने शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर के बच्चों को 1 से लेकर 5000 तक के रोमन नंबरों को लिखना सिखा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के दिमाग से गणित का डर भगाकर



गणिति संक्रियाओं के नवाचार से गणित को आसान बना दिया है। अब यहां गणित बच्चों के लिए उंगलियों का खेल बन गया है। रामाटोला संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर में कक्षा पहली से पांचवी तक 38 बच्चे अध्यनरत है। इसमें से कक्षा चौथी और पांचवी के बच्चों को उन्होंने शिक्षा के नवाचार से जोड़ा है। कक्षा चौथी में 1000 तक रोमन संख्या बच्चों को सिखाया जाना है, जिसे दृष्टिगत रखते उन्होंने रोमन संख्या सीखने रोमन कोड बनाया और कक्षा चौथी-पांचवी के 19 बच्चों को एक से 5000 तक के रोमन संख्या लिखना सिखा दिया।

### जनरल नॉलेज के लिए 30 मिनट

बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ प्रतियोगी मंचों और परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जा रहा है। यहां आधे घंटे का पीरियड जनरल नॉलेज से संबंधित होता है, जहां बच्चों को सामान्य ज्ञान से जुड़ी शिक्षा दी जाती है। जिसमें जिले सहित देश-प्रदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रश्नों को समाहित किया जाता है।

### माचिस की तीलियों से रोमन कोड वर्ड

शिक्षक जयप्रकाश ने बच्चों को रोमन संख्या सीखने के लिए माचिस की तीलियों का इस्तेमाल किया और इन तीलियों की मदद से रोमन कोड बनाया, जिसे उन्होंने टीएलएम यानी टीचिंग लर्निंग मटेरियल का नाम दिया है।

### उंगलियों से सीख रहे विधि

शिक्षक जयप्रकाश कक्षा पहली से तीसरी तक नवाचार का बेस तैयार करते हैं। वहीं कक्षा चौथी और पांचवी में इन बच्चों को नवाचार के पद्धति से पढ़ते हैं। गणित के सवाल बच्चों को अक्सर उलझते हैं, लेकिन इस स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा चौथी और पांचवी के बच्चे उंगलियों में ही गणित के सवाल हल कर देते हैं। यहां मौखिक गुना विधि से बच्चे उंगलियों पर ही चंद सेकंड में गुना करते हैं और इसके लिए उन्हें पेपर, पेन, कैलकुलेटर की जरूरत नहीं पड़ती।

### मुख्य संकेत चिन्ह बने आधार

शिक्षक जयप्रकाश ने बताया कि नवोदय में प्रवेश के लिए 3000 तक की रोमन संख्या पूछ ली जाती है। ऐसे में बच्चों को रोमन संख्या के लिए नवाचार से पढ़ाया गया। रोमन संख्या लिखने हेतु कक्षा 4थीं की गणित पुस्तक पृष्ठ क्र. 09 में दिए गए संकेत चिन्हों को आधार मानकर बनाया गया है। इस टीएलएम में प्रमुख संकेत चिन्हों को दर्शाया गया है। जिससे हम बच्चों को बहुत ही आसानी से 1 से 5000 तक के अंक रोमन पद्धति से लिखना सिखाए हैं। बच्चों से पूछने पर बच्चे इसका त्वरित जवाब भी देते हैं।

श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## बिजली कटौती से परेशानी

**डोंगरगढ़।** शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती होने से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। बिना कारण के घंटो बिजली गुल होने की समस्या को हल करने में अधिकारी कर्मचारी असमर्थ नजर आ रहे है। वहीं ट्रांसफार्मर जलने जैसी घटनाएं होना ना आम बात हो गई है। रविवार को सुबह से देर रात्रि तक पूरे शहर की लाइट बंद रही। पिछले एक माह से मेढ़ा, ठाकुरटोला, जामरी जैसे कई गांवो में घंटो लाइट बंद होने की शिकायत सामने आ रही है।

# तीज से पहले सजा बाजार, बसों में भीड़ 24 घंटे का निर्जला व्रत रखेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरितालिका तीज पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह है। पर्व के लिए बड़े आवागमन के चलते यात्री वाहनों में जहां भीड़ है। वहीं इन दिनों बाजार में पर्व की खरीदी के लिए चहल-पहल बनी हुई है। पूजा सामग्रियों एवं फूलेरा की मांग बढ़ने लगी है।

ज्ञात हो कि भादो माह में लगातार पर्वों का क्रम बना हुआ है। इस माह 6 सितंबर को हरितालिका व्रत पर्व तीजा है जिसके चलते महिलाओं में उत्साह का माहौल है। इस पर्व को विवाहित महिलाएं अपने मायके में मनाती है। जिससे आवागमन बढ़ा हुआ है। बाजार में चहल-पहल, पूजा सामग्रियों की मांग भी बढ़ गई है। तीजा पर्व के लिए बाजार में इन दिनों सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक चहल-पहल है। लोग पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी कर रहे हैं। विशेषकर कपड़े, साड़ियां एवं सौंदर्य सामग्रियों की दुकानें, ज्वेलर्स में महिलाओं की अच्छी खासी उपस्थिति बनने लगी है। पर्व के लिए पूजा सामग्रियों में फूलेरा बाजार में लगभग 2 सौ से 5 सौ रुपए तक बिक रही है। इसके अलावा भगवान शिव-पार्वती एवं श्रीगणेश की मूर्तियों की भी दुकानें सजी हुई है, जहां से खरीदी शुरू कर दी गई है।

## फूलेरा सहित पूजा सामग्रियों की सज गई दुकानें

### श्रद्धा भक्ति का माहौल

ऐसी परंपरा है कि तीजा व्रत से पूर्व करेलायुक्त भोजन कडु भात का उपयोग किया जाता है। बाजार में करेले की मांग के चलते लगभग 50 से 60 रुपए किलो तक बिक रही है। व्रती कडु भात का सेवन करने के पश्चात कठिन निर्जला व्रत धारण करेंगी। इस दौरान भजन-कीर्तन एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल बना रहेगा। पर्व को लेकर घर-घर में महिलाएं व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है।



### बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में भीड़

पर्व मनाने के लिए महिलाओं का अपने मायके पहुंचने का क्रम जारी है। जिससे ट्रेन, बस सहित अन्य यात्री वाहनों में इन दिनों भीड़ की स्थिति निर्मित है। खासकर ग्रामीण इलाकों में चलने वाले वाहनों में भीड़ की स्थिति है। बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन में अपने वाहनों का इंतजार करते लोगों को देखा जाने लगा है। माना जा रहा है कि लगभग सप्ताहभर तक यात्री वाहनों में भीड़ की स्थिति निर्मित रहेगी।

***इस तरह मनाया जाएगा पर्व:*** *पंडितों के अनुसार हरितालिका पर्व पर सौभाग्यवती महिलाएं पति के दीर्घायु एवं घर-परिवार में कुशल मंगल की कामना लिए कठिन व्रत रखती है। निर्जला व्रत रखकर धार्मिक आयोजनों भजन-कीर्तन में व्यस्त रहती है। पर्व के दूसरे दिन भगवान शिव परिवार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के पश्चात व्रत पूर्ण कर फलाहारी का उपयोग करती है। अंचल में यह पर्व काफी उत्साह एवं पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा। भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 5 सितंबर को दोपहर 12.21 से प्रारंभ होगा। जिसका समापन 6 सितंबर को दोपहर 3.21 बजे को होगा। उदिया तिथि के चलते हरतालिका तीज व्रत 6 सितंबर को ही रखा जाएगा।*

# कार में ला रहे थे मप्र निर्मित शराब, नाकेबंदी कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार में अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को डोंगरगढ़ पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के पास से मप्र निर्मित 300 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी अवैध रूप से शराब विक्रेताओं के हौसले बुलंद है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 3 सितंबर को डोंगरगढ़ पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि ग्राम घोटिया, ढारा तरफ से मारूति रिट्ज कार में दो व्यक्ति मध्यप्रदेश निर्मित शराब को लेकर अवैध रूप से परिवहन करते ग्राम बेलगांव की ओर आ रहे हैं।

### 300 पौवा गोवा शराब बरामद

तलाशी लेने पर वाहन में कुल 6 नग कार्टून में 50-50 नग गोवा स्पेशल ऑफ स्मुथनेंस अंग्रेजी शराब मिलने पर दोनों व्यक्तियों से छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब रखने, बिक्री करने व परिवहन करने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं देने व दस्तावेज पेश नहीं करने पर कुल 300 नग पौवा कीमती 40500 रुपए एवं मारूति रिट्स कार को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा- 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



### कार में दो पकड़ाए

यह सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल ग्राम कोलेन्द्रा के पास पहुंचकर घेराबंदी एवं नाकाबंदी कर एक काई रंग के मारूति रिट्स कार को रोककर पकड़े। कार में बैठे दो व्यक्ति से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम द्वारका वर्मा उर्फ राजू पिता स्व. पलटन वर्मा 32 साल निवासी ग्राम कोलेन्द्रा, कालेश्वर वर्मा उर्फ कैलाश पिता शिवप्रसाद वर्मा 40 साल निवासी ग्राम कोलेन्द्रा का रहने वाला बताया।

## छात्राओं को फटकार मामला

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन डीईओ ने जताया खेद!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षक की मांग करने पहुंची आलीवारा की छात्राओं को फटकारे जाने के मामले को लेकर आज युवा कांग्रेस ने डीईओ के खिलाफ प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर डीईओ को पद से हटाने की मांग की है।



छात्राओं को फटकार मामले में डीईओ के खिलाफ नारेबाजी करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्राएं शिक्षक की मांग करने आई थी तो डीईओ ने उन्हें धमकाया है। डीईओ को पद से बर्खास्त करना चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो युवा कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

### शिक्षकों की हुई वैकल्पिक व्यवस्था

छात्राओं को फटकार के मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि कलेक्टर जनदर्शन में आलीवारा के बच्चे शिक्षक की मांग को लेकर आए थे। उन्होंने अपने ज्ञापन में धरना प्रदर्शन और स्कूल में तालाबंदी की बात कही थी। मैंने उन्हें समझाया था कि एक सप्ताह में शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी और आज हमने शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी है। डीईओ ने कहा कि उन्होंने आलीवारा जाकर बच्चों और पालकों से बात की है, जिस पर बच्चों और पालकों ने कहा है कि हमारे समझने में फर्क हो गया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अगर उन्हें ऐसा लगा है तो मैंने भी खेद व्यक्ति किया है।

## पार्टी के सदस्यता अभियान में आज रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विस अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह का कल 5 सितंबर को शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भी भाग लेकर नागरिकों व कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे। डॉ. सिंह दोपहर 1 बजे शहर आएंगे, फिर वे दोपहर 2.15 बजे ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षा-गौरव अलंकरण समारोह में भाग लेंगे। शाम 5 बजे माहेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग पहुंचेंगे, जहां भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भाग लेंगे। इसके बाद वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन
डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
● एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
● ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
● हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
● डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
● ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
● ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
● ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
● विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## 7 को मटन मार्केट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में 7 सितंबर को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।










भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगांव

एस.के. पांडेय
प्राचार्य

पी.एल. बया
प्रधानपाठक

दामिनी यदु
प्रधानपाठिका

बी.के. राजपूत, राजेन्द्र कुंवर, देवेन्द्र साहू, गुरुविंदर सिंह, कोमल सेन, सरिता गोलछा, गौरव देवांगन, संजू उईके, वीणा साहू, रेणुका साहू, लुनकरण यादव, अनुराधा सोनटके, जमुना साहू, रश्मि देवांगन, नरोत्तम साहू, दुबीलता ठाकुर, उषा साहू, ताज्ञाश्रुति, लक्ष्मी राजपूत, आकांक्षा, लोकेश्वरी यदु, सीमा माली, योगिता।

गुरु तेरे उपकार का,
कैसे चुकाऊं मैं मोल,
लाख कीमती धन भला,
गुरु हैं मेरे अनमोल!!

Happy Teachers Day

डॉ. श्रीमती बी.एन. मेश्राम
प्राचार्य
शासकीय डा. बी.आर. आम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव

Happy Teachers Day

ए.के. धमगाये
सहायक प्राध्यापक
शासकीय डा. बी.आर. आम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव

सीजी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगांव
C.G. PUBLIC HIGHER SEC. SCHOOL
SINCE 2004
DONGARGAON

एजाज अली हाशमी-रियाज अली हाशमी
प्राचार्य एवं समस्त सीजीपीएस शाला परिवार

दिया ज्ञान का भंडार हमें,
किया भविष्य के लिए तैयार हमें,
है आभारी उन गुरूओं के हम,
जिन्होंने किया कृतज्ञ अपार हमें.

हैप्पी टीचर्स डे

राहुल जैन राही
संकुल समन्वयक
संकुल केन्द्र कोकपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी

उत्तमचंद नाहटा — अध्यक्ष
सोनाली पंसारी — सरपंच
अजय पंसारी — सदस्य
राधेश्याम कमरिया — सदस्य
पुष्पा मंडावी — सदस्य
मुरली प्रसाद यादव — सदस्य
शोभितराम साहू — सदस्य
नुरुद्दीन मौलवी — सदस्य
अशोक मालेकर — सदस्य
छन्नूलाल वर्मा — सदस्य
टेकराम निषाद — सदस्य
राजीव गिरी — सदस्य
गुमान साहू — प्रभारी प्राचार्य

एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं

कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव

आर.एल. पात्रे — विकासखंड शिक्षा अधिकारी
रश्मि ठाकुर — एबीईओ
क्षितिज शोरी — एबीईओ
जयंत साहू — एबीईओ

केके हेडऊ — लेखापाल
सेवाराम पटेल — सहायक ग्रेड-2
एन. के. देवांगन — सहायक ग्रेड-2
खिलावन साहू — सहायक ग्रेड-3
अभिषेक राव भोसले — सहायक ग्रेड-3

# हॉकी खिलाड़ी वर्षा सोनकर पंकज विक्रम पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण समारोह 2024 अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में हॉकी की नर्सरी राजनांदगांव शहर की उत्कृष्ठ राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाडी वर्षा सोनकर पिता श्यामू सोनकर को छत्तीसगढ सरकार द्वारा शहीद पंकज विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया। बता दें कि 12 वर्षों से राष्ट्रीय हॉकी का प्रतिनिधित्व कर हॉकी की नर्सरी के गौरवशाली परंपरा और इतिहास को अक्षुण्ण रखने में महती भूमिका निभा रही है और प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में बेहतर खेल प्रदर्शन कर रही है।

मध्यम वर्गीय परिवार से नाता रखने वाली वर्षा सोनकर ने अपने खेल को अपनी मेहनत और लगन से तराशा है। हॉकी में अपने योगदान के लिए जाने वाली वर्षा सोनकर राजनांदगांव शहर के लिए के लिए एक प्रेरणा की स्त्रोत है। एक मध्यम वर्गीय परिवार से नाता रखती है उन्होंने अपने समय से बहुत ही संघर्ष करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन करते हुए हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने कहा था कि राजनांदगांव हॉकी की नर्सरी है, उनके आदर्श वाक्य को कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास से राष्ट्रीय खेलों में अपनी भूमिका को अग्रणी कर रखी हुई है। वर्षा सोनकर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव के हाथों शहीद पंकज विक्रम अवार्ड 2022/23 से सम्मानित किए जाने पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया छत्तीसगढ हॉकी संघ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतबुद्दीन सोलंकी, अनुराज श्रीवास्तव, भूषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, अशोक यादव, अनिल यादव, मनीष गौताम, ज्ञानचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, ऑशा थॉमस, कुमार स्वामी, रौबीन गाठलीब, दीपक यादव, आशिष सिन्हा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेश द्विवेदी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, सचिन खोब्रागढे, विकास वैष्णाव, राजू रंगारी, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, ममता गुप्ता, बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकील अहमद, अमित माथुर, खेमराज सिन्हा, संदीप यादव, कृष्णा यादव ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देकर खुशी जाहिर की।



# हाट बाजार अंधेरे में, असामाजिक तत्वों का डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर का हाट बाजार पिछले कुछ महीनों से अंधेरे में डूबा हुआ है। हाट बाजार की अधिकांश स्ट्रीट लाईटें बंद है। जिसकी वजह से सब्जी खरीदने पहुंचने वाले लोगों सहित सब्जी पसरा लगाने वालों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हाट बाजार में अंधेरे की वजह से अब लोग यहां आना पसंद नहीं करते। जिसके चलते हाट बाजार की ग्राहकी पर भी असर पड़ा रहा है और लोगों का व्यवसाय चौपट हो रहा है। यहां की स्ट्रीट लाईटों को सुधारने के लिए सब्जी विक्रेताओं द्वारा कई बार पार्षद से लेकर निगम के अधिकारियों तक को सूचित किया गया, लेकिन यहां की सभी लाईटों की मरम्मत को लेकर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके चलते हाट बाजार की अधिकांश स्ट्रीट लाईटें महीनों से बंद है।

## पसरा रहता है अंधेरा

हाट बाजार में स्ट्रीट लाईटों के बंद होने के चलते अंधेरा पसरा रहता है। ऐसे में असामाजिक तत्वों के लोग यहां सक्रिय नजर आ रहे हैं। हाट बाजार में अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व के लोग पॉकेटमारी और उठाईगिरी भी कर रहे हैं। वहीं रात होते ही जगह-जगह शराबियों का जमघट लग जाता है और आपसी लड़ाई-झगड़े होते हैं। जिससे क्षेत्र का माहौल भी खराब हो रहा है। वहीं शराबखोरी करने के बाद शराबी यही बोतल फोड़कर चले जाते हैं। जिससे यहां सब्जी पसरा लगाने वालों को समस्या होती है।

## सीतादेवी श्रीवास्तव का निधन



**राजनांदगांव।** स्थानीय कमला कॉलेज के प्रोफेसर ओंकारलाल श्रीवास्तव की माताश्री 84 वर्षीय श्रीमती सीतादेवी श्रीवास्तव का निधन आज दोपहर 3.30 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल 5 सितंबर को सुबह 11 बजे किया जाएगा। अंतिम यात्रा वैशाली नगर राजनांदगांव स्थित उनके निवास स्थान से निर्धारित समय पर निकलेगी।




## खबर संक्षेप



### सफलता के लिए पहले लक्ष्य तय करें

**डोंगरगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साल्हे में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने नशा के दुष्परिणाम, बुरी संगति से बचने तथा समग्र स्वास्थ्य संवर्धन के लिए नियमित आधा घंटा योग एवं ध्यान करने पर व्याख्यान दिया। विद्यार्थी जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने टाइम टेबल बनाकर अध्ययन करने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम जीवन में जो बनना चाहते हैं उसका लक्ष्य पहले से निर्धारित कर प्राप्त करने लगन के साथ तैयारी करें। आयोजन में प्राचार्य हरीश सोनी एवं शिक्षक मौजूद थे।

### सांस्कृतिक आयोजनों के साथ शिक्षक दिवस आज



**सड़क अतरिया।** शासकीय एवं निजी विद्यालयों में कल गुरुवार को डां. राधाकृष्णन सर्वोपल्ली के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस उल्लास से मनाया जायेगा। कार्यक्रम आयोजित करने बुधवार को छात्र व्यस्त दिखें। इस मौके पर राधाकृष्णन की पूजा अर्चना एवं स्मरण पश्चात छात्र गुरू की महिमा का बखान एवं शिक्षकों का सम्मान करने की रुपरेखा तैयार किऐ हैं। कुछ स्कूलों में सांस्कृतिक आयोजन भी रखा गया है।

### हड़ताल अवधि में काम करने का विरोध

**गंडई पंडरिया।** वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 11 अगस्त से 9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। हड़ताल अवधि में कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा काम किया जा रहा था। इस आशय की सूचना मिलने पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हृदयलाल पटेल आदि वन विभाग कार्यालय पहुँचे और रेंजर सलीम कुरैशी के सामने अपनी बात रखते हुए बताया कि 3 सितंबर को जो कम्प्यूटर आपरेटर कार्य पर उपस्थित हुए है वह संघ के विरुद्ध है। हड़ताल अवधि तक कम्प्यूटर आपरेटर से काम न लिया जाए।

### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**डोंगरगढ़।** एक दिवसीय कबड्डी स्पर्धा में शामिल होकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल ही जीवन का आधार है। कबड्डी राज्य का पारंपरिक खेल है। कार्यक्रम में सरपंच छबिल साहू, चुम्मन साहू, नेतराम साहू, दिनेतु जांगडे, राजू वर्मा, सालिक गेडाम, मुरली गेडाम, नीरज शर्मा, जगदेव साहू, खेमचंद लहरे, फत्तू वर्मा आदि उपस्थित थे।

### 150 पौवा शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**डोंगरगढ़।** अवैध शराब बिक्री की सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी द्वारका राउत पिता सुखदेव राउत निवासी बम्लेश्वरी वार्ड के कब्जे से 100 नग च्वाईस व्हिस्की, 50 नग देशी मदिरा प्लेन जप्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकार एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## सांसद ने किया संपूर्णता कार्यक्रम का शुभारंभ

# संपूर्ण विकास के लिए अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संपूर्णता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले की द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय दशहरा मैदान में संपूर्णता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास के लक्ष्य को शतप्रतिशत प्राप्त करने के लिए 30 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा।

इसके अंतर्गत तीन माह की समस्त गर्भवती माताओं को प्रसव पूर्व देखभाल की व्यवस्था किया जाएगा। पूरक पोषण आहार सभी गर्भवती माताओं को मुहैया कराया जाएगा। सभी बच्चों का टीकाकरण, सभी नागरिकों की बीपी-शुगर की जांच, स्कूलों में बुनियादी सुविधा, उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण, महिला समूह को रिवाल्विंग फंड्स उपलब्ध कराया जाएगा।

### छात्रों ने निकाला जागरुकता रैली

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार, जिपं सदस्य अरुण यादव, नरसिंह भंडारी, राधिका अंधारे, सरपंच सरस्वती ठाकुर, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, वन मंडलाधिकारी दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व स्कूली छात्र-छात्राओं ने कलेक्टर कार्यालय से दशहरा मैदान तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

### लगे योजनाओं के स्टाल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय थे। उन्होंने विभागीय स्टालों में पहुंचकर योजनाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं अंतर्गत सामग्री एवं चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर संपूर्णता रथ एवं सीएसआर मद से क्रय किए गए मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन जिले वासियों के लिए खुशी मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी नवोदित जिला है। जिला निर्माण के बाद विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि आज ही के दिन जिले की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि जिले की स्थापना में क्षेत्र के सभी लोगों की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला बनने से अनेक योजनाएं क्षेत्र के विकास में मददगार बनेगी। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आंकाशी जिला व ब्लाक अंतर्गत चिन्हित छह बिंदुओं पर संघनता से कार्य किया जा रहा है।

# जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाएगी कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निकाय चुनाव एवं संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान हर वार्डो में जनहित के मुद्दों पर फोकस करने और जन समस्याओं पर काम करना तय किया गया। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, नपं अध्यक्ष चेतन देवांगन, अय्यूब कुरैशी, सुरेंद्र जायसवाल, बांके वर्मा, लियाक़त अली, सूरज नामदेव, नारायण चतुर्वेदी, क्रांति ताम्रकार, हबीब खान, बालकदास डहरिया, शैलेन्द्र जायसवाल, मोहसिन खान, शिव कुर्रे, अमित टंडन, हेमलता ठाकुर, मंजू नेताम, अशरफ सिद्धिकी, निसार खान, बालकिशन यादव, मैनुद्दीन सोलंकी, महेश छेदैया, विजय सोनी, कुमार पटेल, जेठू साहू, निप्पू रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मी रहे हड़ताल पर, काम प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी मांगो के समर्थन में रायपुर में आयोजित धरना में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने 3 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन का आव्हान किया था।

महासंघ ने प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में वेतन जमा करने, 5 से 10 वर्षों से कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने एवं 13 मार्च को गठित समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को शामिल करने की मांग रखा था। निकाय के जल विभाग के प्लेसमेंट कर्मचारी, सफाई कर्मचारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, राजस्व वसूली कर्मचारी एवं विद्युत कर्मचारी के सामूहिक अवकाश लेने से कई काम आशिंक रूप से प्रभावित हुए।

# सरकारी दुकान से शराब की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बोरतलाव में संचालित शासकीय शराब दुकान से रोजाना बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब की निकासी किया जा रहा है। इस शराब को क्षेत्र के लगभग 40 गांवो में कोचियों द्वारा खुलेआम बेचा जा रहा है।

क्षेत्र के होटल एवं ढाबो में शराब बेचने की शिकायत के बाद भी पुलिस और आबकारी विभाग गंभीरता से नहीं ले रहा है। जानकारी के अनुसार देशी दारू पर 300 रूपए प्रति पेटी तथा अंग्रेजी का 400 से 500 रूपए प्रति पेटी कमीशन तय है। शराब कोचियों से भी मंथली वसूल किया जा रहा है।



#### नक्सल क्षेत्र में जुआ

बोरतलाव थाना प्रभारी ने पनियाजोब जंगल से जुआरियों का पकड़ा था। जुआ फड में लाखों रूपए होने के बाद भी महज 50 हजार जप्त किया गया। पुलिस पर एक दर्जन आरोपियों के अलावा मोबाइल, मोटर सायकल छोड़ने का आरोप लगा था। क्षेत्र में अवैध कारोबार के पनपने से क्षेत्र के लोगो में नाराजगी देखा जा रहा है।

# तेंदुए के हमले से युवक घायल



**डोंगरगढ़।** उत्तर बोरतलाव वन परिक्षेत्र के खरकाटोला में तेंदुए के हमले से 35 वर्षीय युवक बुरी तरह घायल हो गया। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने स्थानीय अस्पताल में लाकर ईलाज कराया है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ सर्किल पिछले दो साल से मादा तेदुआ एवं शावक को देखे जाने की पुष्टि हो चुकी है। उपर मंदिर पहाड़ी में भी एक माह तक तेंदुआ को देखा गया है। हाल ही में ढारा से लगे जंगलो के आसपास तेंदुआ देखा गया था। जानकारी के अनुसार खरकाटोला से लगे जंगलो में युवक बकरी चराने गया था। वह घात लगाकर बैठे तेंदूआ का शिकार हुआ है।

# समर्थ अभियान पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के कन्या स्कूल में पुलिस विभाग ने समर्थ अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया। एएसपी नेहा पांडे ने छात्राओं को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए बताया कि अब क्राइम का स्वरूप बदल चुका है। आधुनिक युग में क्राइम भी आधुनिक हुआ है। लोग अब ऑनलाइन ठगी करने लगे है। सोशल साइट्स भी क्राइम का जरिया बन गए हैं।

उन्होंने क्राइम के प्रकार, बचने के तरीके और अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करने और उपयोग की जानकारी दी। थाना प्रभारी भीम सेन यादव ने भी बच्चों को जागरूक किया। शाला समिति के सदस्य राकेश ठाकुर ने साइबर क्राइम की जानकारी को खास बताते हुए कहा कि सभी छात्राओ को इसकी जानकारी होना चाहिए। कार्यक्रम में पुलिस स्टाफ, शिक्षक शिक्षिकाएं, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रवि भावनानी, आशा कुर्रे, सुखचंद टोन्द्रे, केसरी चंद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



# साइबर धोखाधड़ी से छात्रों को किया जागरूक



**सड़क अतरिया।** पुलिस विभाग के निर्देशन में बुधवार को शासकीय एवं निजी विद्यालयों में समर्थ अभियान के तहत साइबर जागरुकता अभियान चलाया गया। दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक शाला में गंड़ई थाना से पहुंचे चेतन नेताम ने ऐप फाईल, जॉब फ्राड, फेंक खाता, डिजिटल अरेस्ट, आनलाईन धोखाधड़ी, एटीएम धोखा धडी आदि से बचने के लिए जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि बच्चे विभिन्न आनलाईन खेम की गिरफ्त में आकर ठगी के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने इस प्रकार के खेलों से दूर रहने की सलाह दिया। वहीं अनजान नंबर से फोन आने पर देर तक बात नहीं करने सचेत किया। एटीएम पिन नंबर, खाता, ओटीपी किसी से शेयर नहीं करने की सलाह दिया। इस मौके पर वीरेन्द्र जंघेल, मनोज जंघेल, तेज बहादुरसिंह, संतोषी जंघेल, खेमराज सिन्हा, हेमलता वैष्णव, कोमल नारायण वर्मा, शिव पारधी, पुष्पा जंघेल, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, वेद कुमारी पाली, पारसमणी सिन्हा, शोभना बोपचे, सरिता शर्मा, तुकाराम साहू, मिथलेश पटेल, अभिषेक गहिरवार, मीनाक्षी पटेल आदि मौजूद थे। इसी प्रकार वेद विज्ञान मंदिर, हाईस्कूल घिरघोली, हाईस्कूल खैरबना, पूर्व माध्यमिक शाला चकनार, कुकुरमुड़ा, संड़ी, मानपुर नाका, जगमड़वा आदि में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# रामधुनी स्पर्धा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

परेवाडीह में आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल उपस्थित हुई। ग्रामीण और आयोजक समिति ने पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत किया।

श्रीमती बघेल भगवान ने श्री राम की पूजा अर्चना कर स्पर्धा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी को ऐसे धार्मिक आयोजन में आगे बढ़कर हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि इससे अच्छी सीख मिलती है। उन्होंने यादव भवन में किचन शेड के लिए 3 लाख देने की घोषणा की।

इस मौके पर विवेक वासनिक, संजय टंडन, प्रहलाद यादव, संतोष देवांगन, छन्नू आडिल, चुम्मन साहू, द्वारका यादव, हरीश यादव, संतराम निषाद, चिंताराम निषाद, घनश्याम मेश्राम, अनिल साहू, लीलाधर साहू, पोषण निषाद, सुरेंद्र मेश्राम, रामदास जोशी, खेदूराम सिन्हा, केशोराम साहू, उमेश यादव, तेजलाल आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त मंडावी को दी बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में 37 वर्षो तक सेवा देने के बाद वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रयोगशाला तकनीशियन बीएस मंडावी गत 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए। प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के निर्देशन में महाविद्यालय परिवार ने समारोह आायोजित कर सम्मान विदाई दिया।

कार्यक्रम में स्थानांतरित, पदोन्नत एवं पूर्व में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का भी महाविद्यालय परिवार ने सम्मान किया। गया। समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने श्री मंडावी के साथ अपने अनुभव का साझा किया। प्राचार्य डॉ. रेवती ने श्री मंडावी को समय का पाबंद बताते हुए कहा कि उन्होंने हर दायित्व को बखूबी पूरा किया। इस दौरान वनस्पति विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह, नानकलाल परिहार, कामताराम साहू, डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, डॉ. एमएल नंदेश्वर, ओपी वर्मा, संजय तिवारी, डॉ. नीता राजपूत, मनीषा भेड़िया एवं छात्र-छात्राओ ने अपने अनुभव साझा किया। अंत में मोमेन्टो, शाल एवं श्रीफल देकर श्री मंडावी को सम्मानित किया गया।



## उईके को दी श्रद्धांजलि



**डोंगरगढ़।** आदिवासी नेता लक्ष्मण उइके का गत दिनों पेंडरी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से कांग्रेस में दुःख की लहर दौड़ गई। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने घोटिया पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसी कड़ी में विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने उनके बेटे संजय उइके, दुलै, डोगैन्द से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। इस अवसर पर दानी ठाकुर भग्गू ठाकुर, दिनेश मंडावी, लखनू उइके, नरेंद्र ठाकुर ,नरोत्तम नेटी, गोकुल वर्मा, बिसनाथ कंवर, ईश्वर उईके, भागचंद उईके आदि उपस्थित थे।

# नक्सली हिंसा से प्रभावित लोग दो को करेंगे अनशन

**डोंगरगढ़।** भाजपा नेता स्व. बबल साहू को नक्सल हिंसा में शिकार हुए लगभग 20 वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन उनके परिवार को अब तक पुनर्वास नीति का लाभ नहीं मिला है। प्रदेश में ऐसे हजारों परिवार है जो लाभ से वंचित हैं। स्व.साहू के पुत्र धीरेंद्र साहू सहित प्रदेश के नक्सल पीड़ति परिवार के सदस्य पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास के सामने आगामी 2 अक्टूबर को आमरण अनशन करेंगे।नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य धीरेंद्र साहू ने बताया कि नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए पुनर्वास नीति बनाया गया है लेकिन समय सीमा में किसी भी पीड़ति परिवार को लाभ नहीं मिला है। पीड़ति परिवारों ने नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को पत्र प्रेषित कर नीति मे संशोधन कर पीड़ति परिवारों से साथ मीटिंग करने का मांग की है।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

### नांदगांव की जनता को फिर मिला धोखा : वैष्णव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जवाहर बाल मंच छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश प्रमुख प्रणव दास वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 12 औद्योगिक स्मार्ट शहरों की मंजूरी के बावजूद राजनांदगांव को एक बार फिर धोखा दिया गया है। लोगों में गुस्सा और निराशा का माहौल है।

उन्होंने राजनांदगांव की जनता की ओर डॉ. रमन सिंह और सांसद संतोष पांडे की निष्क्रियता की निंदा करते हैं।

### रामनाम सप्ताह 6 से

**हरदी।** शिवनाथ वार्ड 51 हरदी में ग्रामवासियों के सहयोग से 6 एवं 7 सितम्बर को रामनाम सप्ताह का आयोजन रखा गया है। इस आयोजन में सभी प्रतिभागी मंडलियों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी बरातु राम साहू, चन्द्रकृत साहू एवं सतानंद साहू ने दी।

### गोविंदोत्सव आठ को

**मुरमुंदा।** श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा आगामी 8 सितंबर को गोविंदा उत्सव रखा गया है। समिति के सदस्य कुलेश्वर सिन्हा एवं मोनू चौधरी ने बताया कि दही हांडी लूटने वाली मंडली को 25 हजार 555 रुपए समिति द्वारा दिया जाएगा। आस पास के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होनेकी अपील आयोजकों ने किया है।

### नाम परिवर्तन

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं ईला दुआ पति अंकित दुआ, निवास स्थान मकान नं. बी-13, अर्बन रेनेसैंस मुक्तागिरी कॉलोनी, राजनांदगांव (छ.ग.) 491441. मैं ईला दुआ ने अपना नाम ईला अंकित दुआ से बदलकर ईला दुआ कर लिया है, इसलिए भविष्य में मुझे सभी सरकारी और अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम ईला दुआ पति अंकित दुआ से पहचाना व जाना जावें।

**ईला दुआ पति अंकित दुआ**
मकान नं. बी-13, अर्बन रेनेसैंस,
मुक्तागिरी कॉलोनी, राजनांदगांव
(छ.ग.) – 491441




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130











# गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
# गुरुःसाक्षात् परब्रह्मा तस्मै श्रीगुरवे नमः।।



राष्ट्रीय शिक्षक दिवस एवं देश-धरती के महान शिक्षाविद् दार्शनिक पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णनन जी के परम पुनीत मंगल स्मरण के अतिशय महत्तम सुअवसर पर नगर के विचारप्रज्ञ प्राध्यापक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक आव्हान चिंतन टीप में बताया कि सदा सर्वदा-काल से वृहद ज्ञान, सुशिक्षा, सदाचार के शिक्षण-प्रशिक्षण के प्रमुख आधार स्तंभ शिक्षकों को संस्कृति संरक्षण तथा राष्ट्र निर्माण के गुरूत्तर दायित्व का निर्वहन की अतीव गौरवशील परम्परा को सतत रखते होगी।

हमारी अद्वितीय संस्कृति के आधार सर्वोत्कृष्ट शिक्षक-छात्र परम्परा ने ही विश्वगुरू की आसंदी पर बैठाया और सर्वश्रेष्ठ शिक्षापद्धति और उत्कृष्ट शिक्षक-छात्र संबंधों ने देश की विशिष्ट सांस्कृति पहचान दी। वस्तुतः शिक्षा-शिक्षण का मूल उद्देश्य शिक्षक द्वारा अपने छात्र-शिष्य-शिक्षार्थी का समग्र ज्ञान एवं सदाचार शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ ऐसे राष्ट्रधर्मी नागरिकों के रूप में तैयार करना होता है जो सम-विषम परिस्थितियों में संस्कृति-राष्ट्ररक्षा हेतु हमेश तत्पर रहें साथ ही देश के विकास, संस्कृति-संवर्धन की मुख्य धारा में सक्रियता से सम्मिलित भी रहें।

आगे प्राध्यापक द्विवेदी ने विशेष जोर देते हुए आव्हान किया कि वर्तमान शिक्षक-शिक्षार्थी पीढ़ी को देश के आदर्श शिक्षक-शिक्षाविद् के जीवंत उदाहरण डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णनन, डॉ.ए.पी.जे. कलाम के शिक्षादर्शन तथा उत्कर्ष जीवनक्रम को आत्मसात कर सतंकल्पित होकर राष्ट्र निर्माण के महानदायित्व का निर्वहन करना होगा। यही शिक्षक दिवस का सत्यसार्थक संकल्प होगा।

























## सार समाचार

### नेट-सेट पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर के निर्देशन में अंग्रेजी विभाग द्वारा नेट-सेट की तैयारी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समझौता ज्ञापन गतिविधियों के अंतर्गत किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. पुण्यप्रदा सिंह सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की प्रमुख डॉ. अनिता शंकर ने की। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नेट-सेट परीक्षा की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां और रणनीतियों के बारे में बताया गया।



प्रो. सिंह ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक प्रभावी संचार में बाधाएं: इसकी अवधारणाएं और सिद्धांत का विमोचन किया गया। इस अवसर पर लिटरेरी एसोसिएशन 2024-25 का पुनर्गठन हुआ और पदाधिकारियों ने शपथ ली। अध्यक्ष के पद पर मेघा जैन, उपाध्यक्ष मधु चंद्रवंशी, सचिव पूर्वी बागडे, सह-सचिव सृष्टि देवांगन एवं कोषाध्यक्ष के पद पर माही ने शपथ ग्रहण किया।

### गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर काव्यांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा श्री रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के जन्मोत्सव पर जिला ग्रंथालय में साहित्यिक आयोजन कर उन्हें याद करते काव्यांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी शारदा तिवारी, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, आत्माराम कोशा, प्यारेलाल देशमुख, मानसिंह, रोशन साहू, आनंदराम सार्वा ने किया।



इस अवसर पर कवि प्यारेलाल देशमुख ने छत्तीसगढ़ी में काव्यपाठ किया। मुख्य अतिथि शारदा तिवारी ने कहा कि मूल नक्षत्र में जन्मे तुलसी दास को जीवनभर कष्ट भोगनी पड़ी। उनके द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस महाकाव्य का पूरी दुनिया लोहा मानती है। गोस्वामी सही मायनों में समन्वयवादिता के प्रतीक हैं। उन्हें युगों-युगों तक याद किया जाता रहेगा। अध्यक्षता करते राकेश इंदूभूषण ठाकुर ने तुलसी दास को पहले भक्त और पीछे कवि होने की बात कही। उनकी अंतरात्मा भक्ति-भावना के लिए छटपटाने लगी तो गोस्वामी ने विनय-पत्रिका का सृजन किया। साहित्य समिति के अध्यक्ष आत्माराम कोशा ने कहा कि गोस्वामी अपनी गहन भावानुभूति को कलात्मकता का सुंदर कलेवर कर के जन-मानस को विमोहित किया है। इस दौरान समिति के सचिव मानसिंह, लोक गायक मनहरण साहू ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कवि रोशन साहू ने किया। इस अवसर पर क्रांतिकुमार साहू, रोहित व स्टाफ समेत अन्य लोग शामिल थे।

### नृत्य स्पर्धा में गायत्री विद्यापीठ की शानदार प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के छात्रों ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में शानदार प्रस्तुति देकर अपना स्थान बनाया। भिलाई शहर के कृष्णा पब्लिक स्कूल में 21 अगस्त को आयोजित प्रज्ञोत्सव इंटर स्कूल राज्य स्तरीय एकल नृत्य प्रतियोगिता में गायत्री स्कूल राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करते राशि कांकरिया ने कथक नृत्य में दूसरा स्थान, अग्रता सिमनकर और याशी दवे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



इस अवसर पर शाला प्राचार्य शैलजा नायर ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति पर मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### छत्तीसगढ़ गौरव से सम्मानित हुई वैष्णावी

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में अध्ययनरत छात्रा वैष्णवी रंगारी कक्षा 7वीं को साहित्य अकादमी छग रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसका श्रेय छात्रा ने विद्यालय एवं अपने माता-पिता को दिया है। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।



### महतारी वंदन योजना से गदगद हैं महिलाएं - हेमिन

**राजनांदगांव।** पोला पर्व पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की महतारियों का ख्याल रखते सातवीं महतारी वंदन योजना की राशि हस्तांतरित की। प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपए की सहयोग राशि सीधे उनके खाते में मिली। इस पर हर्ष व्यक्त करते भाजपा महिला मोर्चा सदस्य हेमिन लाउत्रे ने आभार जताते कहा कि मुख्यमंत्री ने तीजा पर तिजहरिन बहनों को जो तोहफा दिया है, उससे प्रदेश की माताओं-बहनों में खुशी है।



### झांकी पुरस्कार पुनः आरंभ करने की मांग

**राजनांदगांव।** नगर के गणेश मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा दो-तीन माह पूर्व से ही गणेश झांकी की तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है।
तिरंगा मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री गणेश झांकी प्रोत्साहन राशि नगर निगम के निर्णय अनुसार विजयी गणेश मंडलों को प्रदाय की जाती थी।
इसके लिए तिरंगा गणेश मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानेश्वर मेश्राम, सचिव रजत भोईर, सहसचिव अखिलेश ठावरे ने गणेश पर्व पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दी जाने वाली गणेश झांकी पुरस्कार राशि व प्रोत्साहन राशि को पूर्व की दी जाने वाली राशि में वृद्धि कर पुनः प्रारंभ किए जाने विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. रमन सिंह को मांग पत्र सौंपकर आग्रह किया है।

# एक रूट से विसर्जन झांकियां निकालने समितियों में बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में गणेश विसर्जन झांकी रूट और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गणेशोत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश उत्सव झांकी की गौरवशाली परंपरा रही है। यहां गणेश उत्सव झांकी देखने जिलेभर के नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्धारित रूट से झांकियां निकालना होगा।

उन्होंने कहा कि सभी झांकियों को निर्धारित समय और एक डायरेक्शन में झांकी निकालनी होगी। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सुविधा पहुंचनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना होगा।



### सुरक्षा रहेगी तैनात

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश विसर्जन की झांकी बहुत प्रसिद्ध है। उन्होंने गणेश विसर्जन झांकियों को निर्धारित रूप से ही निकालने कहा। डीजे साउंड सिस्टम की तेज आवाज से स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है।

### मानव मंदिर चौक से निकलेगी झांकियां

इसके लिए गणेश उत्सव समितियों की सर्वसहमति से गणेश विसर्जन झांकी का रूट चार्ट तय किया गया। सभी गणेश विसर्जन झांकियां विसर्जन के लिए मानव मंदिर चौक से निकाली जाएगी। झांकी को महावीर चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए मानव मंदिर चौक लानी होगी। इसी तरह गुरूद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक और दुर्गा चौक से मानव मंदिर चौक लानी होगी। झांकियां मानव मंदिर चौक से आजाद चौक होते हुए भारत माता चौक, कामठी लाईन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, गंज चौक, नंदई चौक से मोहारा नदी जाएगी। स्वागत पंडाल गंज चौक में लगाया जाएगा।

### समितियों ने दी सहमति

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व महापौर अजीत जैन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, नंदू भूतड़ा, आजाद युवा गणेश उत्सव समिति, जैन महावीर मंडल, नवीन आदर्श गणेश उत्सव समिति, सुमित मंडल, बाल गणेश उत्सव समिति, गंज लाईन उत्सव समिति, जनता कॉलोनी उत्सव समिति, आशीर्वाद मंडल, दुर्गा मंडल, गणगणेश उत्सव समिति, सिद्धि विनायक समिति, विनायक समिति, जय गणेश उत्सव समिति, बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति, तिरंगा गणेश मंडल, शीतला गणेश उत्सव समिति एवं अन्य श्रीगणेश उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### डीजे पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर अग्रवाल ने डीजे संचालन के लिए उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए जारी आदेश की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झांकी में तेज आवाज में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थल झांकी और विसर्जन झांकी में 2-2 अग्निशमन सिलेंडर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झांकी के दौरान प्रत्येक गतिविधियों की फोटो एवं वीडियोग्राफी की जाएगी। किसी भी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निगम सभागृह में गणेश पर्व स्पर्धा का पुरस्कार वितरित

# सालभर इंतजार के बाद मिला पुरस्कार विजर्सन झांकी में बाल समाज अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव।

नगर निगम द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरस्कार वितरण करने नगर निगम सभागृह में आज पूर्वान्ह महापौर हेमा सुदेश देशमुख की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महापौर सहित नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के अलावा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, राजेश जैन रानू, मणीभास्कर गुप्ता, गगन आईच व पार्षद प्रतिनिधि मदन मंटू यादव ने गणेश समितियों को पुरस्कृत किया।गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में महापौर एवं अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति सदर बाजार बसंतपुर थाना के पास को 6 हजार रुपए का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त महाराजा मंडल गणेश उत्सव समिति कामठी लाईन को 4 हजार रुपए का चेक व तृतीय स्थान प्राप्त पाटीदार गणेश उत्सव समिति पाटीदार भवन को 3 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार विसर्जन झांकी प्रतियोगिता के अ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त बाल समाज गंज लाईन को 41 हजार रुपए का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त सुमति मंडल कामठी लाईन को 21 हजार रुपए का चेक एवं तृतीय स्थान प्राप्त बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड को 11 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही विसर्जन झांकी के ब वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक को 31 हजार रुपए का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त तिरंगा मंडल कमल टाकीज चौक को 18 हजार रुपए का चेक एवं तृतीय स्थान प्राप्त महावीर मंडल गणेश उत्सव समिति बालगोविंद चौक को 10 हजार रुपए का चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया।



### पुरस्कार राशि में बढ़ोत्तरी, सड़कों की मरम्मत की उठी मांग

महापौर श्रीमती देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कारधानी की झांकी पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। यहां की झांकी राजधानी रायपुर के अलावा अन्य शहरों में जाती है। उन्होंने कहा कि गणेश समितियों की मांग पर गत वर्ष से पुरस्कार राशि बढ़ाई गई थी। उसी के आधार पर इस बार भी पुरस्कार दिया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने महापौर एवं आयुक्त से कहा कि झांकी का रूट तय हो चुका है। झांकी निकलने के पूर्व रूट की सड़कों का मरम्मत कराया जाए।

### हॉकी और झांकी का शहर - आयुक्त

नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि राजनांदगांव की हॉकी व झांकी देश एवं प्रदेश में प्रसिद्ध है। महाराष्ट्र मुंबई में गणेश पर्व उत्साह से मनाते है, लेकिन मैं पिछली बार राजनांदगांव में देखा कि आप लोग समर्पित होकर जीवंत गणेश झांकी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की झांकी मैंने पहली बार देखा, झांकी का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा।

### हफ्तेभर के भीतर हो घोषणा

गणेश समिति के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर अपने विचार रखते कहा कि गणेश प्रतियोगिता का परिणाम विसर्जन के एक सप्ताह के अंदर घोषित हो जानी चाहिए। साथ ही स्थानीय स्तर पर झांकी निर्माण करने वाले समितियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। महापौर श्रीमती देशमुख ने पदाधिकारियों की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

# शिक्षक दिवस पर आज कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षक दिवस के अवसर पर आज शहर सहित पूरे जिलेभर में कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है। पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा इस वर्ष भी समाज के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह का आयोजन कल 5 सितंबर को रात्रि 7 से 10 बजे तक सिंधु भवन में होगा।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं विशेष अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा उपस्थित रहेंगे। समाज के मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि इस वर्ष 200 से अधिक बच्चों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें उच्च शिक्षा के 30 मेधावी छात्रों का भी सम्मान किया जाएगा।

### अग्रवाल समाज

कल 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर अग्रवाल समाज द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया ने बताया कि अपने जीवन में लंबे संघर्ष के बाद नारी गरिमा तथा अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली राजनांदगांव की शिक्षाविद गीतादेवी अग्रवाल की स्मृति को संजोते यह कार्यक्रम उन्हें आदरांजलि है। सायं 4 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व शिक्षक रामावतार गोयल होंगे।

### ब्रह्माकुमारीज में शिक्षक स्नेह मिलन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा शिक्षक दिवस पर शाम 7 बजे शिक्षक स्नेह मिलन एवं सारगर्भित उद्बोधन का कार्यक्रम रखा गया है। यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज के लालबाग गली नं. 1 स्थित सेवाकेंद्र वरदान भवन में आयोजित होगा। आयोजन में उपस्थिति की अपील की गई है।

# मछली पालन के लिए मुर्गी खाद डालने से जल स्रोतों से आ रही बदबू, गांव में पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंद पड़े पत्थर खदान को ग्राम पंचायत द्वारा मछली पालन के लिए लीज पर दिए जाने के बाद लीज धारक द्वारा यहां मुर्गी खाद डालने से आसपास के जल स्रोतों से बदबू आने के मामला सामने आया है। बड़ी संख्या में देवडोंगर के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने यहां के जल स्रोतों की जांच किए जाने को लेकर कलेक्टर ने नाम ज्ञापन सौंपा है।

जिले के घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरडीहखुर्द के आश्रित ग्राम देवडोंगर से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा बंद पड़े पत्थर खदान को मछली पालन के लिए लीज पर दिया गया है। वर्तमान में खदान पानी से लबालब है और यहां से आसपास के कुएं, ट्यूबवेल, हैंडपंप में खदान से जल स्रोत भी है। मछली पालन के लिए लीज पर लेने वाले व्यक्ति द्वारा लगभग 15 दिन पूर्व खदान के पानी में एक हाईवा मुर्गी खाद डाल दिया गया है। जिससे पानी से बदबू आ रही है। वहीं आसपास के जल स्रोतों में भी वही बदबू है। जिसकी वजह से उन्हें निस्तारी और पीने के पानी की समस्या हो रही है।



### गांव में हुई थी बैठक

बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि खदान लीज पर लेने वाले व्यक्ति द्वारा मुर्गी खाद डालने के बाद गांव में इस संबंध में बैठक की गई। जिसमें उसने खदान का पानी खाली करने की बात कही थी, लेकिन बाद में वह मुकर गया, तब मजबूरन शिकायत लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय आना पड़ा है। ग्राम पटेल रिखीराम मांडवी ने कहा कि इस खदान का पानी आसपास के जल स्रोतों में जाता है। मुर्गी खाद डालने से पानी में काफी बदबू है।

### की जाएगी जांच

ग्रामीण पानी प्रदूषित होने की शिकायत लेकर आए थे। पीएचई विभाग और तहसीलदार के माध्यम से मामले की जांच की जाएगी।

मनीष वर्मा, तहसीलदार

# शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित होंगे शिक्षक

**मोहला।** शिक्षक दिवस पर अपने कर्तव्यों के साथ शिक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए कुमार लाल पुरामे शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला वागिनसुर मोहला, सोनसिंग कोमरे उच्च वर्ग शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला जबकसा मानपुर, ताम्रध्यक्ष साहू उच्च वर्ग शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला जादूटोला अं. चौकी, शिक्षा दूत पुरस्कार के लिए वेदराम रावटे साहयक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला माडिगपिडीग धेनु मोहला, विद्या श्रीरंगे प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पुतरगोदी मोहला, अमित कुमार बांम्बेश्वर सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला चंदनबिहारी मोहला, अजय ठाकुर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बोरिया ठेकेदारी मानपुर, कमला दरों प्रधानपाठक प्राथमिक शाला लेखेपाल मानपुर, प्रदीप मंडावी प्रधान पाठक प्राथमिक शाला कुम्हली मानपुर, कृपाराम साहू सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला घोरदा अंबागढ़ चौकी, योगेंद्र देवांगन प्रधान पाठक सीरलगढ़ अंबागढ़ चौकी, सुचित्रा सोनी प्रधान पाठक तरियापारा कौड़ीकसा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला में शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

### आभा की रचनाओं का प्रसारण आज

**राजनांदगांव।** वरिष्ठ साहित्यकार आभा श्रीवास्तव की रचनाओं का प्रसारण रेडियो आकाशवाणी रायपुर से कल 5 सितंबर को किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से रेडियो में प्रसारित होने वाले कार्यक्रम बिंदिया के अंतर्गत काव्य सौरभ कविता-पाठ में आभा श्रीवास्तव की रचनाओं नारी, परिवर्तन नहीं होता, सावन, राही आदि कविताएं एफएम में भी प्रसारित हो चुकी है।

## पार्षदों को नहीं मिला वेतन, भेदभाव का लगा आरोप

# महापौर के चेंबर में आयुक्त का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर और पार्षद निधि की राशि जारी नहीं होने सहित 10 माह से पार्षदों का वेतन लंबित होने के मामले और शहर विकास के कार्य ठप होने और नगर निगम आयुक्त द्वारा पार्षदों की बातें नहीं सुनी जाने के मामले को लेकर नाराज कांग्रेसी पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त चेंबर में तालाबंदी की चेतावनी दी थी।

आज सुबह लगभग 11 बजे महापौर कक्ष में कांग्रेसी पार्षद एकत्रित होने लगे। इस दौरान आयुक्त भी अपने चेंबर में पहुंच गए थे। इसके बाद महापौर के साथ कांग्रेसी पार्षदों ने चर्चा की और फिर आयुक्त को महापौर कक्ष में आने बुलावा भेजा गया। इसके बाद निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता महापौर कक्ष में पहुंचे और पार्षदों ने शहर विकास सहित विभिन्न मामलों को लेकर अपनी भड़ास निकालनी शुरू कर दी।



### वार्ड के विकास कार्यों को रोका जा रहा है

महापौर की उपस्थिति में कांग्रेस पार्षदों ने आयुक्त से कहा कि शासन से पैसा नहीं आने की बात कहकर वार्ड के विकास कार्यों को रोका जा रहा है। बैठक में एक पार्षद ने कहा कि जब पैसा शासन से नहीं आ रहा है तो फिर रोज चेक कैसे कट रहा है। उन्होंने कहा कि कहां अर्जी लगानी है, हमें बता दें, हम भी जनता के लिए अर्जी लगाने तैयार हैं। इस पूरे मामले में महापौर द्वारा आयुक्त के खिलाफ भड़के पार्षदों और आयुक्त के बीच मध्यस्ता करने की बात सामने आई है। महापौर की समझाईश पर कांग्रेस पार्षदों ने आयुक्त कार्यालय पर ताला नहीं जड़ा है।

### दो विशेष सफाई ठेकेदारों को हुआ पेमेंट

शहर के 28 वार्ड सफाई ठेके पर है, जिन्हें 9 माह से पेमेंट नहीं हुआ है। वहीं शहर के दो सफाई ठेकेदारों को पेमेंट कर दिया गया है।
पार्षदों ने कहा कि पीएम आवास स्वीकृत नहीं हो रहा है। राशन कार्ड बन रहा है, लेकिन जांचकर्ता द्वारा मामला अटकाकर लेनदेन की शिकायत भी आ रही है। विकास कार्य के लिए पार्षदों की फाइल लटकाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा ट्यूबलर पोल का कार्यादेश जारी होने के बाद भी कार्य नहीं किया जा रहा है। पार्षदों ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।





हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 सितंबर 2024



■ डोंगरगढ़ ब्लॉक के शिक्षक जयप्रकाश का कमाल

# शिक्षक के नवाचार से मिली मदद, उंगलियों से सीख रहे रोमन संख्या लिखना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भविष्य के अंधकार को दूर कर बच्चों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाने वाले शिक्षक कभी-कभी अपने नवाचार से असंभव को भी संभव बना देते हैं। बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा का ऐसा पाठ पढ़ाते हैं कि वह मिशाल बन जाते हैं। कुछ ऐसा ही नवाचर करके राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड के शिक्षक जयप्रकाश ने शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर के बच्चों को 1 से लेकर 5000 तक के रोमन नंबरों को लिखना सिखा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के दिमाग से गणित का डर भगाकर



गणिति संक्रियाओं के नवाचार से गणित को आसान बना दिया है। अब यहां गणित बच्चों के लिए उंगलियों का खेल बन गया है। रामाटोला संकुल के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हीरापुर में कक्षा पहली से पांचवी तक 38 बच्चे अध्यनरत है। इसमें से कक्षा चौथी और पांचवी के बच्चों को उन्होंने शिक्षा के नवाचार से जोड़ा है। कक्षा चौथी में 1000 तक रोमन संख्या बच्चों को सिखाया जाना है, जिसे दृष्टिगत रखते उन्होंने रोमन संख्या सीखने रोमन कोड बनाया और कक्षा चौथी-पांचवी के 19 बच्चों को एक से 5000 तक के रोमन संख्या लिखना सिखा दिया।

शिक्षक दिवस विशेष

### जनरल नॉलेज के लिए 30 मिनट

बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ प्रतियोगी मंचों और परीक्षाओं के लिए भी तैयार किया जा रहा है। यहां आधे घंटे का पीरियड जनरल नॉलेज से संबंधित होता है, जहां बच्चों को सामान्य ज्ञान से जुड़ी शिक्षा दी जाती है। जिसमें जिले सहित देश-प्रदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रश्नों को समाहित किया जाता है।

### माचिस की तीलियों से रोमन कोड वर्ड

शिक्षक जयप्रकाश ने बच्चों को रोमन संख्या सीखने के लिए माचिस की तीलियों का इस्तेमाल किया और इन तीलियों की मदद से रोमन कोड बनाया, जिसे उन्होंने टीएलएम यानी टीचिंग लर्निंग मटेरियल का नाम दिया है।

### उंगलियों से सीख रहे विधि

शिक्षक जयप्रकाश कक्षा पहली से तीसरी तक नवाचार का बेस तैयार करते हैं। वहीं कक्षा चौथी और पांचवी में इन बच्चों को नवाचार के पद्धति से पढ़ते हैं। गणित के सवाल बच्चों को अक्सर उलझते हैं, लेकिन इस स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा चौथी और पांचवी के बच्चे उंगलियों में ही गणित के सवाल हल कर देते हैं। यहां मौखिक गुना विधि से बच्चे उंगलियों पर ही चंद सेकंड में गुना करते हैं और इसके लिए उन्हें पेपर, पेन, कैलकुलेटर की जरूरत नहीं पड़ती।

### मुख्य संकेत चिन्ह बने आधार

शिक्षक जयप्रकाश ने बताया कि नवोदय में प्रवेश के लिए 3000 तक की रोमन संख्या पूछ ली जाती है। ऐसे में बच्चों को रोमन संख्या के लिए नवाचार से पढ़ाया गया। रोमन संख्या लिखने हेतु कक्षा 4थीं की गणित पुस्तक पृष्ठ क्र. 09 में दिए गए संकेत चिन्हों को आधार मानकर बनाया गया है। इस टीएलएम में प्रमुख संकेत चिन्हों को दर्शाया गया है। जिससे हम बच्चों को बहुत ही आसानी से 1 से 5000 तक के अंक रोमन पद्धति से लिखना सिखाए हैं। बच्चों से पूछने पर बच्चे इसका त्वरित जवाब भी देते हैं।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

## बिजली कटौती से परेशानी

**डोंगरगढ़।** शहर और ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती होने से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। बिना कारण के घंटो बिजली गुल होने की समस्या को हल करने में अधिकारी कर्मचारी असमर्थ नजर आ रहे है। वहीं ट्रांसफार्मर जलने जैसी घटनाएं होना ना आम बात हो गई है। रविवार को सुबह से देर रात्रि तक पूरे शहर की लाइट बंद रही। पिछले एक माह से मेढ़ा, ठाकुरटोला, जामरी जैसे कई गांवो में घंटो लाइट बंद होने की शिकायत सामने आ रही है।

# तीज से पहले सजा बाजार, बसों में भीड़ 24 घंटे का निर्जला व्रत रखेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरितालिका तीज पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह है। पर्व के लिए बड़े आवागमन के चलते यात्री वाहनों में जहां भीड़ है। वहीं इन दिनों बाजार में पर्व की खरीदी के लिए चहल-पहल बनी हुई है। पूजा सामग्रियों एवं फूलेरा की मांग बढ़ने लगी है।

ज्ञात हो कि भादो माह में लगातार पर्वों का क्रम बना हुआ है। इस माह 6 सितंबर को हरितालिका व्रत पर्व तीजा है जिसके चलते महिलाओं में उत्साह का माहौल है। इस पर्व को विवाहित महिलाएं अपने मायके में मनाती है। जिससे आवागमन बढ़ा हुआ है। बाजार में चहल-पहल, पूजा सामग्रियों की मांग भी बढ़ गई है। तीजा पर्व के लिए बाजार में इन दिनों सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक चहल-पहल है। लोग पर्व संबंधी सामग्रियों की खरीदी कर रहे हैं। विशेषकर कपड़े, साड़ियां एवं सौंदर्य सामग्रियों की दुकानें, ज्वेलर्स में महिलाओं की अच्छी खासी उपस्थिति बनने लगी है। पर्व के लिए पूजा सामग्रियों में फूलेरा बाजार में लगभग 2 सौ से 5 सौ रुपए तक बिक रही है। इसके अलावा भगवान शिव-पार्वती एवं श्रीगणेश की मूर्तियों की भी दुकानें सजी हुई है, जहां से खरीदी शुरू कर दी गई है।

## फूलेरा सहित पूजा सामग्रियों की सज गई दुकानें

### श्रद्धा भक्ति का माहौल

ऐसी परंपरा है कि तीजा व्रत से पूर्व करेलायुक्त भोजन कडु भात का उपयोग किया जाता है। बाजार में करेले की मांग के चलते लगभग 50 से 60 रुपए किलो तक बिक रही है। व्रती कडु भात का सेवन करने के पश्चात कठिन निर्जला व्रत धारण करेंगी। इस दौरान भजन-कीर्तन एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल बना रहेगा। पर्व को लेकर घर-घर में महिलाएं व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है।



### बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में भीड़

पर्व मनाने के लिए महिलाओं का अपने मायके पहुंचने का क्रम जारी है। जिससे ट्रेन, बस सहित अन्य यात्री वाहनों में इन दिनों भीड़ की स्थिति निर्मित है। खासकर ग्रामीण इलाकों में चलने वाले वाहनों में भीड़ की स्थिति है। बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन में अपने वाहनों का इंतजार करते लोगों को देखा जाने लगा है। माना जा रहा है कि लगभग सप्ताहभर तक यात्री वाहनों में भीड़ की स्थिति निर्मित रहेगी।

***इस तरह मनाया जाएगा पर्व:*** *पंडितों के अनुसार हरितालिका पर्व पर सौभाग्यवती महिलाएं पति के दीर्घायु एवं घर-परिवार में कुशल मंगल की कामना लिए कठिन व्रत रखती है। निर्जला व्रत रखकर धार्मिक आयोजनों भजन-कीर्तन में व्यस्त रहती है। पर्व के दूसरे दिन भगवान शिव परिवार की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के पश्चात व्रत पूर्ण कर फलाहारी का उपयोग करती है। अंचल में यह पर्व काफी उत्साह एवं पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा। भाद्र पद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 5 सितंबर को दोपहर 12.21 से प्रारंभ होगा। जिसका समापन 6 सितंबर को दोपहर 3.21 बजे को होगा। उदिया तिथि के चलते हरतालिका तीज व्रत 6 सितंबर को ही रखा जाएगा।*

# कार में ला रहे थे मप्र निर्मित शराब, नाकेबंदी कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार में अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को डोंगरगढ़ पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के पास से मप्र निर्मित 300 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी अवैध रूप से शराब विक्रेताओं के हौसले बुलंद है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 3 सितंबर को डोंगरगढ़ पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि ग्राम घोटिया, ढारा तरफ से मारूति रिट्ज कार में दो व्यक्ति मध्यप्रदेश निर्मित शराब को लेकर अवैध रूप से परिवहन करते ग्राम बेलगांव की ओर आ रहे हैं।

### 300 पौवा गोवा शराब बरामद

तलाशी लेने पर वाहन में कुल 6 नग कार्टून में 50-50 नग गोवा स्पेशल ऑफ स्मुथनेंस अंग्रेजी शराब मिलने पर दोनों व्यक्तियों से



छत्तीसगढ़ में नान ड्यूटी पेड शराब रखने, बिक्री करने व परिवहन करने के संबंध में पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं देने व दस्तावेज पेश नहीं करने पर कुल 300 नग पौवा कीमती 40500 रुपए एवं मारूति रिट्स कार को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा- 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### कार में दो पकड़ाए

यह सूचना मिलते ही डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल ग्राम कोलेन्द्रा के पास पहुंचकर घेराबंदी एवं नाकाबंदी कर एक काई रंग के मारूति रिट्स कार को रोककर पकड़े। कार में बैठे दो व्यक्ति से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम द्वारका वर्मा उर्फ राजू पिता स्व. पलटन वर्मा 32 साल निवासी ग्राम कोलेन्द्रा, कालेश्वर वर्मा उर्फ कैलाश पिता शिवप्रसाद वर्मा 40 साल निवासी ग्राम कोलेन्द्रा का रहने वाला बताया।

छात्राओं को फटकार मामला

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन डीईओ ने जताया खेद!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षक की मांग करने पहुंची आलीवारा की छात्राओं को फटकारे जाने के मामले को लेकर आज युवा कांग्रेस ने डीईओ के खिलाफ प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर डीईओ को पद से हटाने की मांग की है।



छात्राओं को फटकार मामले में डीईओ के खिलाफ नारेबाजी करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्राएं शिक्षक की मांग करने आई थी तो डीईओ ने उन्हें धमकाया है। डीईओ को पद से बर्खास्त करना चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो युवा कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

### शिक्षकों की हुई वैकल्पिक व्यवस्था

छात्राओं को फटकार के मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि कलेक्टर जनदर्शन में आलीवारा के बच्चे शिक्षक की मांग को लेकर आए थे। उन्होंने अपने ज्ञापन में धरना प्रदर्शन और स्कूल में तालाबंदी की बात कही थी। मैंने उन्हें समझाया था कि एक सप्ताह में शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी और आज हमने शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी है। डीईओ ने कहा कि उन्होंने आलीवारा जाकर बच्चों और पालकों से बात की है, जिस पर बच्चों और पालकों ने कहा है कि हमारे समझने में फर्क हो गया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि अगर उन्हें ऐसा लगा है तो मैंने भी खेद व्यक्ति किया है।

## पार्टी के सदस्यता अभियान में आज रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विस अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह का कल 5 सितंबर को शहर आगमन हो रहा है। इस दौरान वे भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भी भाग लेकर नागरिकों व कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे। डॉ. रमन सिंह दोपहर 1 बजे शहर आएंगे, फिर वे दोपहर 2.15 बजे ऑडिटोरियम में आयोजित शिक्षा-गौरव अलंकरण समारोह में भाग लेंगे। शाम 5 बजे माहेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग पहुंचेंगे, जहां भाजपा दक्षिण मंडल द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान में भाग लेंगे। इसके बाद वे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
न्यूरो सर्जन

डॉ. घनश्याम बिसेन ससापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
● एक्सीडेंट या दुर्घटना से मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की चोट
● ब्रेन एवं स्पाइनल ट्यूमर/ रसोली या गांठ
● हाइड्रोकेफलस (मस्तिष्क में पानी भरना) ● गर्दन या कमर दर्द
● डिस्क की बीमारी (सर्वाइकल या सयाटिका की प्राब्लम)
● ट्यूबरकुलोसिस स्पाइन
● ब्रेन एन्यूरिसम (खून की नसों में गुब्बारा बन जाना)
● ब्रेन हेमरेज या स्ट्रोक / लकवा रीढ़ की हड्डी के अन्य जटिल ऑपरेशन
● विभिन्न प्रकार के सिर दर्द/ ट्राईजेमिनल न्यूरालजिया
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
Time - 3 PM to 6.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## 7 को मटन मार्केट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में 7 सितंबर को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।



अधिकृत विक्रेता : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
शाखा - जी. ई. रोड राजनांदगांव, मेन रोड अं. चौकी
मो. 9977184777, 8120006476, सर्विस - 8120006480, 8120001601



जेवर
हर उत्सव के लिए
गंज पारा - दुर्ग
स्टेट बैंक मुख्य शाखा के पास
संपर्क : 0788-2214999 | 9522914999
SCAN LOCATION
Sunday Open

**खबर संक्षेप**

## उल्लास केंद्रित साक्षरता सप्ताह के तहत कामठी स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि कुण्डा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कामठी में उल्लास केंद्रित साक्षरता सप्ताह कें तहत मंगलवार को तीसरे दिवस पर व्याख्याता तुलस चंद्राकर कें नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कक्षावार ग्रुप बनाकर किया गया, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं कें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें कक्षा 12वीं विज्ञान ग्रुप इंद्रावती अंजनी व नीलम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 11वीं विज्ञान ग्रुप भावना सीमा व अंजलि द्वितीय रहें तथा कक्षा12वीं कला ग्रुप मोहनी पिंकी तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से चंद्रिका संजना पूजा व 12 वीं कला से प्रमिला पूजा भुनेश्वरी ने भाग लिया। जिस पर प्राचार्य ने सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर रंगोली कें माध्यम से छात्राओं ने असाक्षरो को शिक्षा कें महत्व को बताते हुए पढ़ने कें लिए प्रेरित करते हुए संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय कें प्राचार्य आरएन राजपूत, व्याख्याता हीरालाल छापरीया, राजेश शर्मा, मनोज आदित्य, तुलस चंद्राकर, कोमल धृतलहरें, सीताराम यादव, संतान सिंह व शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## क्षेत्र में ग्रामीण किसान धान फसल की निदाई व दवाई-खाद डालने में जुटें



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई रुक-रुककर झमाझम बारिश से ग्रामीण किसानों के धान फसल खेतों में लहलहा रहा है, वहीं ग्रामीण किसानों निदाई व दवाई खाद डालने में जुटें हुए है। ताकि धान फसलों की अच्छे पैदावार हो सके तथा ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत व समय पर धान फसल बेच सके जिस पर किसानें कृषि कार्य में जुटे हुए हैं।

## चंडालपुर में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत घरो-घर नल कनेक्शन चबूतरा का निर्माण कार्य शुरू



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के आश्रित आदर्श ग्राम चंडालपुर में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शन का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है तथा घरों-घर नल कनेक्शन व चबूतरा का निर्माण कार्य जोरों पर है। ग्रामीणों मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा आदर्श ग्राम चंडालपुर में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत घरों-घर नल कनेक्शन चबूतरा का निर्माण कार्य होने किया जा रहा है। वहीं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण को लाभ मिलने वाले हैं घरो घर कनेक्शन निर्माण होने से महिलाओं को पेयजल के लिए राहत मिलेगी।

## चंडालपुर में 5 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनकर तैयार, उद्घाटन के बाद ग्रामीण होंगे लाभांवित



**हरिभूमि कवर्धा।** जनपद पंचायत बोड़ला के आदर्श ग्राम चंडालपुर में 5 लाख रूपए की लागत राशि से स्वीकृति सामुदायिक भवन बनकर तैयार हो गई है। जिस पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गिरजा जगदीश साहू ने स्वीकृति राशि मिलने के बाद सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य जोर-शोर से कराया गया वहीं रंग-रोगन के कार्य पूर्ण कर ली गई है। वहीं लाखों रूपए की लागत से सामुदायिक भवन के उद्घाटन के बाद ग्रामवासियों को सामुदायिक भवन का लाभावित होगें।

## स्ट्रील लाइट से गली मोहल्ला व चौक चौराहे रौशन, ग्रामीणों को अंधेरा से मिलेगी राहत



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्राम चंडालपुर में गांव की चौंक चौराहों व गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट शासन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को रात में आने जाने वाले ग्रामीणों व राहगीरों को राहत व सुविधा मिलेगी। बता दे की आदर्श ग्राम चंडालपुर में बिजली की समस्या से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वहीं पूरे गांव अंधेरा पसरा रहता था। वहीं गली मोहल्ले व चौंक चौराहों में स्ट्रीट लाइट लगने से चौंक चौराहा व गलियों दूधियां रंग से प्रकाशमान होगा।

## उड़द की नई फसल खेतों में परिपक्व होकर तैयार

**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर व क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों उड़द फसल की कटाई कर घर में लाकर उड़द फसल की एक-एक दाने की तोड़ाई में ग्रामीण किसान जुटें हुए है। बरबसपुर सहित आसपास क्षेत्र के किसान इन समय उड़द की नई फसल किसानों के खेतों में परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं, जिनकी कटाई कर घर मे लाकर एक-एक दाने तोड़ रहे हैं और निकल रहे हैं फसलों को एक-एक दाने निकालकर एकत्रित करने में परिवार सहित ग्रामीण जन जुटे हुए हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार उड़द का विशेष महत्व पितर पक्ष में होता है, वहीं अपनी-अपनी पूर्वजों को उड़द-दाल से भोग लगाते हैं जिसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**समस्या :** पीएम सड़क में जलभराव की स्थिति से ग्रामीण हो रहें सड़क दुर्घटना के शिकार

# जेवड़न खुर्द से पिपरिया पहुंच मार्ग जर्जर, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

विधानसभा क्षेत्र कवर्धा अंतर्गत ग्राम जेवड़न खुर्द से पिपरिया जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क निर्माण जिम्मेदारों व ठेकेदार द्वारा कराया गया, जो समय अवधि के पहले ही गुणवत्ताविहिन की पोल खोल रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सड़क जर्जर व बदहाल हो चुकी है तथा सड़क से डामर की परते उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है जिससे ग्रामीणो व राहगीरों को आवागमन में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे ग्राम जेवड़न खुर्द, बांझीमौहा, नवागांव, चरडोगरी, झिरना व पिपरिया रहवासियों को आवागमन बाधित है। पीएम सड़क में जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे व जल भराव की स्थिति में राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहें है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा डामरीकरण व सुधार मरम्मत की मांग की ताकि ग्रामीणों व राहगीरो को सुविधा मिल सकें। जल भराव के कारण कई घटनाएं घट चुकी है।

**देखरेख के अभाव में सड़क के दोनों ओर उग आए खरपतवार**

यहां बताना लाजिमी होगा कि बरसात में पीएम सड़क जर्जर व देखरेख के अभाव में ठेकेदारों की गुणवत्ताविहिन सड़क निर्माण की पोल खोल गई है, वही पीएम सड़क के दोनो शोल्डर की साफ-सफाई नहीं होने से खरपतवार तथा कांटेदार पेड़-पौधे उग आएं है जिससे राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को बुनियाद सुविधा मिल सके।



# वर्षों से खराब व बंद सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट बनी शोपीस, जिम्मेदार बेपरवाह

- देखरेख के अभाव में गांव की गलियों में शाम होते ही अंधेरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव में वर्षों पूर्व सौर ऊर्जा स्ट्रीक लाइट ग्राम की चौंक चौराहों व गली मोहल्ले में 15वें वित के माध्यम से लगाया गया था, जो वर्षो से देखरेख व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में खराब व बंद पड़ा हुआ है। जो कि सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ा हुआ है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक-एक स्ट्रीक लाइट लगभग 25 हजार रुपए की लागत से 15वें वित्त के माध्यम से लगाया गया था जो कि वर्तमान में खराब व बंद की स्थिति मे होने से ग्रामवासियों का व धार्मिक स्थल, गली-मोहल्ले तथा चौक-चौराहों में अंधेरा पसरा रहता है। जिस पर ग्राम कोलेगांव वासियों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को बंद व खराब स्ट्रीक लाइट की सुधार तथा मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधा तथा ग्रामीणों अंधेरा से निजात मिल सकें।

# खेमराज का एमबीबीएस में चयन, परिजनों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर



यूं ही नही कहा जाता कि मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता है हौसलों से उड़ान होती है। इस कथन को सिद्ध करते हुए विकासखंड पंडरिया अंतर्गत सुंदूर वनांचल ग्राम नेऊर के छात्र खेमराज परस्ते ने अपनी प्रथम प्रयास में ही नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए स्व इंदिरा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त किया। छात्र खेमराज बचपन से ही मेधावी छात्र रहें है इन्होंने कक्षा 6वीं से जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ीयाकला में रहकर हायर सेकेंडरी तक शिक्षा प्राप्त किया। छात्र खेमराज लवकुमार परस्ते का एमबीबीएस में चयन होने पर शिक्षक-शिक्षिकाएं व माता श्रीमती रामप्यारी परस्ते तथा इनकी इस सफलता पर परिजनों में भारी उत्साह का माहौल है। खेमराज ने अपनी सफलता का श्रेय पूर्वजों, माता-पिता, गुरूजनों एवं वरिष्ठ जनों दिया है। इनकी सफलता पर बीआरसी पंडरिया अर्जुन सिंह चन्द्रवंशी, सेवानिवृत्त शिक्षक बीपी भारत, अंजोर सिंह सिदार, दीपक ठाकुर, श्रीमती कुसुम बहादुर सोनी, गजराज सिंह टेकाम, ईश्वर सिंह परस्ते, सुखनंदन धुर्वे, सगुन धुर्वे, अनुराज जैन, मालिक मरकाम, संतराम मार्को, बिश्राम मरावी, पूनाराम ध्रुर्वे, बामदेव राज, रामचन्द्र चंद्रवंशी, मनोज नागवंशी, छोटेलाल मार्को, सुरेश ध्रुर्वे, लोकेश नायक, चन्द्रप्रकाश राजपूत, ब्रजेश सेन, भगत कुशराम, स्वतन्त्र चंद्राकर, श्याम ध्रुव ने बधाई प्रेषित किया।

## मक्के स्कूल में उल्लास नवभारत साक्षरता आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के 1 से 8 सितंबर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह आयोजित की जा रही है। इसकी जानकारी प्रधान पाठक श्रीमती एलविना विलसन ने विस्तार से बताया जिसमें प्रधान पाठक अशोक पांडेय, शिक्षक कपूरराम चंद्रवंशी, कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, सरपंच मुक्तानंद साहू सभी पंच, शाला प्रबन्ध समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यपक्ष ज्योति साहू, स्वयंसेवी शिक्षक सुरुचि निषाद, पालक सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जन-जागरूकता लाना सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना है। इसके लिए शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित कार्यक्रम किए जा रहे हैं, जिसमें 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वहीं 1 सितंबर को उल्लास रथ की रवांगी और शैक्षिक संस्थान में सेमीनार सम्मेलन, 2 सितंबर को चित्रकला, रंगोली व मेहंदी, 3 सितंबर को पंचायत, नगरी निकायों में चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम, 4 सितंबर को उल्लास महिला साक्षरता प्रति केंद्रित कार्यक्रम और व्यावसायिक कौशल पर आधारित सामग्री का प्रदर्शन व 5 सितंबर को भाषण और निबन्ध प्रतियोगिता, 6 सितंबर को नवचारी गतिविधियों का प्रदर्शन और सतत शिक्षा पर केन्द्रित कार्यक्रम तथा 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाएंगे इसके लिए शैक्षणिक विभाग निर्देश दिए हैं।

## शिक्षक भविष्य निर्माता व समाज का दर्पण है को चरितार्थ कर रहे व्याख्याता तुलस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ग्राम महली निवासी व्याख्याता तुलस चंद्राकर जो वर्तमान में पंडरिया विकासखंड कें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में पदस्थ है, जिन्होंने अपनी शिक्षकीय कार्य 2008 में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रापा से प्रारंभ की 2008-18 तक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महली में अपनी सेवाएं दी। फिर प्रमोशन में वर्तमान शाला कामठी में पदस्थ है, इन्होंने जिस विद्यालय में भी गया वहां का कायाकल्प ही कर दिया है साथ ही साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई, खेल , सांस्कृतिक, सामाजिक सहभागिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए है, जिसके बदौलत कई छात्र छात्राएं खेल व विज्ञान क्षेत्र में राज्य स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किए है। कहा जाता है शिक्षक भविष्य निर्माता, समाज का पथ प्रदर्शक, राष्ट्र निर्माता जिसे चरितार्थ कर रहे शिक्षक तुलस चंद्राकर इनके द्वारा छात्र छात्राएं व युवा, महिलाएं बुजुर्ग व मजदूर सभी का उनके विशेष दिवस पर सम्मानित किया जाता है जिसके कारण शिक्षक तुलस सभी कें चहेते है। शिक्षक श्री चंद्राकर असाधारण कार्य हेतु मानव संसाधन कार्यालय नई दिल्ली से नवाचार हेतु सम्मानित हो चुके है इसके नवाचार छत्तीसगढ़ कें अलावा 18 राज्यों कें विद्यालय में लागू है इसके अलावा शिक्षा विभाग की ओर से दी जाने वाली सबसे बड़ा पुरस्कार राज्यपाल अवार्ड 2022 राजभवन में राज्यपाल व मुख्यमंत्री कें हाथों सम्मानित हो चुके है। मुख्यमंत्री शिक्षा श्री अलंकरण 2020 इसके अलावा अनेको राष्ट्रीय, राजकीय, जिला व ब्लाक से विभागीय व सामाजिक संस्थान से सम्मानित हो चुके साथ ही साथ शिक्षक द्वारा पढ़ाए जा रहे विषय में परीक्षा परिणाम पिछले 15 वर्षों से शत-प्रतिशत है।

# शिक्षक महेश दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

- पर्यावरण के क्षेत्र में शिक्षक श्री ठाकुर की सराहनीय पहल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मेहनत लगन और परिश्रम ही सफलता की कुंजी है, अगर मन में आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो दुनिया का कोई काम असंभव नहीं है। इस वाक्य को शिक्षक महेश सिंह ठाकुर ने विगत सात वर्षो में नौ हजार से अधिक पौधरोपण कर चरितार्थ कर दिखाया है। शहर के विभिन्न कॉलोनियों में टीम हरीतिमा के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन कर शहर में हरियाली बिखेरने का कार्य कर रहे है। 2021 में राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक महेश सिंह ठाकुर शासकीय प्राथमिक शाला मरपा में पदस्थ है। उनके द्वारा शिक्षा में नवाचार के आलावा साहित्य, कला व पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। शैक्षणिक कार्यो में विभिन्न नवाचारी शिक्षण, खेल-खेल में शिक्षा, मोहल्ला क्लास का संचालन, पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन, योगा, साक्षरता, स्वच्छता, नशा मुक्ति अभियान, महिला सशक्तिकरण, वृद्वजन सम्मान, बेटी-बचाओ, बेटी-पढ़ाओ अभियान, टीकाकरण जागरूकता, डिजिटल साक्षरता, में पांच सौ अधिक सर्टिफिकेट प्राप्त कर जिलें में विशेष उपलब्धि हासिल किए है। शिक्षा के क्षेत्र में विगत 23 वर्षो से अपनी सेवाएं दे रहे है। छात्र छात्राओं के सर्वागिण विकास के लिए नित्य प्रतिदिन नए-नए तरीके अपनाकर विद्यार्थियों के पठन-लेखन कौशल का कार्य करते हुए आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी किए है। प्राथमिक शिक्षा अपने पैतृक ग्राम सारंगपुर खुर्द में प्राप्त करते हुए आज एमएससी, आईटी, एमए अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी साहित्य, पीजीडीसीए, डीएड सहित सात विषयो में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त कर प्राथमिक विभाग के जिले के प्रथम शिक्षक है। रेडक्रास वालिन्टियर्स के आलावा राज्य साक्षरता मिशन जिला साक्षरता मिशन में बतौर रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्य कर शिक्षा का अलख जगा रहे है। शिक्षक श्री ठाकुर जिले, राज्य व राष्टीय स्तर पर कई पुरस्कार से सम्मानित हो चुके है। जिसमें प्रमुख रूप से राज्य शिक्षा पुरस्कार, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण, शिक्षा दूत पुरस्कार, छत्तीसगढ गौरव अलकंरण अकलतरा, उत्कृष्ट कर्मचारी पुरस्कार कलेक्टर द्वारा, मुख्यमंत्री अक्षर सम्मान रायपुर, राष्टीय शिक्षक पुरस्कार हरिद्वार, शिक्षा मार्तण्ड पुरस्कार नई दिल्ली, छत्तीसगढ रत्न सम्मान अंबिकापुर, सरस मेला, भोरमदेव महोत्सव के साथ-साथ विभिन्न शिक्षा एवं सामाजिक संगठनो से आनलाईन एवं आफलाईन में सैकड़ो सर्टिफिकेट से पुरस्कृत किए जा चुके है।

## जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरूकुल ने फाइनल मुकाबले में मारी बाजी



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा। नगर की प्रतिष्ठित एवं प्राचीनतम संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच बुधवार को गुरुकुल पब्लिक स्कूल व एकेडमिक हाईट बेमेतरा के मध्य खेला गया। इस प्रतियोगिता के अतिथि के रूप में आशीष ठाकुर राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता टूर्नामेंट के प्रतिनिधि, दीपेश जैन प्रबंधक डीसीबी बैंक, अवनीश दास प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा, मनीष भट्ट सीनियर स्टाफ बैंक ऑफ बड़ौदा कवर्धा एवं संस्था के पदाधिकारी गण व शाला के प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प व मालार्पित कर पूजन-वंदनकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस फाइनल मुकाबले में दोनो टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश व उत्साह के साथ एक-दूसरे से कड़ा मुकाबला करते हुए प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया, सभी दर्शको ने जोरदार तालियों से सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। गुरूकुल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अथक परिश्रम करते हुए एकेडमिक हाईटस बेमेतरा को 1-0 से पराजित कर विजय प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में बेस्ट स्ट्राइकर जॉन रोजरनाथ एकेडमीक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, बेस्ट डिफेन्डर मयंक सय्याम गुरूकुल पब्लिक स्कूल एवं बेस्ट गोल कीपर निखील लिखारे गुरूकुल पब्लिक स्कूल को पुरस्कार दिया गया। वहीं विजयी टीम को समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया साथ ही समस्त अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था के पदाधिकारीगण, शाला के प्रभारी प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों व क्रीड़ाध्यापकों को शुभकामनाएं दी।

# छात्रा रिया का एमबीबीएस में चयन दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत जरती के आश्रित ग्राम नाऊडीह निवासी छात्रा रिया वर्मा का चयन चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज दुर्ग में एमबीबीएस में होने से परिजनों व ईष्टमित्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। छात्र रिया वर्मा की इस लगातार सफलता मेहनत, लगन व निरंतर अध्ययन से ही मिलती है। मिली जानकारी के अनुसार छात्रा रिया वर्मा के माता सेवती छबि वर्मा कृषक है, जिसका चयन वर्ष 2024 की नीट परीक्षा मे कक्षा12वी के साथ पढ़ते हुए उत्तीर्ण होकर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है, यह सिद्ध किया है जवाहर नवोदय विद्यालय उड़िया कला कवर्धा की छात्रा रिया वर्मा ने। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा रायपुर द्वारा 30 अगस्त को जारी प्रथम ऑनलाइन आबंटन सूची में रिया वर्मा को चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकल कॉलेज दुर्ग मे एमबीबीएस कोर्स मे प्रवेश हेतु चयन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा रिया वर्मा कक्षा 12वीं की परीक्षा में भी 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए व छात्र को नीट में प्राप्त अंक 620 जिससे उनकी प्रतिभा को देखते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ीया कला कवर्धा परिवार की ओर से बधाई दिया गया। उनके एमबीबीएस में चयन होने पर परिवार मे खुशी का माहौल है तथा छात्रा को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**पाठक सूचना**
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खुलासा : आपसी रंजिश के चलते सुपारी देकर कराई गई थी युवक की हत्या

# पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई चुचरूंगपुर हत्याकाण्ड की गुत्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले के दशरंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम चुचरूंगपुर में बीते सोमवार को की गई एक युवक की हत्या के मामले को दशरंगपुर पुलिस ने महज चौबीस घंटे के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस की माने तो इस हत्या को, आरोपी पिता पुत्र ने करीब दो साल पुरानी आपसी रंजिश के चलते बकायदा सुपारी देकर करवाया है। इस अंधेकत्ल का खुलासा होने के बाद पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपी पिता पुत्र भी शामिल हैं। गौरतलब है कि बीते सोमवार की शाम ग्राम चुचरूंगपुर के स्थानीय ग्रामीणों ने खार के पास स्थित तालाब की झाडियों में एक युवक का शव पड़ा देखा था। जिसकी सूचना उन्होने तत्काल पिपरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर उसकी पहचान रोहित चन्द्रवंशी पिता विनोद चन्द्रवंशी आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम फांदातोड़ थाना पिपरिया के रूप में कराई थी। पुलिस के मुताबिक मृतक के सिर में किसी वजनदार वस्तु से प्राणघातक चोट पहुंचाने के निशान साफ नजर आ रहे थे। जिससे इस बात की आशंका जताई जा रही थी कि युवक की हत्या की गई है। पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम किया था और शव का पीएम भी कराया गया। जिसमें मृतक के सिर में गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या किए जाने की पुष्टि चिकित्सकों द्वारा की गई है। पीएम रिपोर्ट सामने आने और हत्या की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर अपनी विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान मृतक के परिजनो के हवाले से यह बात निकलकर सामने आई की मृतक तथा नकुल चन्द्रवंशी पिता थनवार आयु 51 वर्ष निवासी ग्राम केसली के बीच करीब दो साल पुरानी रंजीश चल रही है। बताया जाता है कि मृतक रोहित चन्द्रवंशी ने करीब दो वर्ष पूर्व नकुल चन्द्रवंशी के पुत्र दीपचंद्र चन्द्रवंशी के साथ मारपीट कर और उसके सिर में हंथोड़ी से प्राण घातक वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद नकुल के परिजनो आरोपी रोहित के खिलाफ रपट भी दर्ज कराई थी। लेकिन दोनो पक्षों के बीच 15 लाख का सौदा होने पर समझौता हो गया। परंतु नकुल के मुताबिक रोहित आज तक उसे पंत्रह लाख की रकम नहीं दी है और उसका पुत्र भी उस घटना के बाद चलने फिरने में लाचार हो गया। तभी से दोनो के बीच आपसी रंजीश हो गई थी और और नकुल हमेशा रोहित से बदला लेने के फिराक में रहता था। इसी बीच नकुल ने मौका देखकर अपने बेटे खेमू चन्द्रवंशी आयु 30 वर्ष के साथ मिलकर रोहित को मौत के घाट उतारने की योजना बनाई और इस हत्या को अंजाम देने के लिए जग्गू नेताम पिता सिद्धू नेताम आयु 28 वर्ष निवासी बिटकुली को सुपारी थी। जिसके बाद जग्गू ने मौका देखकर रोहित के सिर में प्राण घातक प्रहार कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। इस खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी जग्गू नेता पिता सिद्धू नेताम आयु 28 वर्ष निवासी बिटकुली, नकुल चन्द्रवंशी पिता थनवार आयु 51 वर्ष निवासी ग्राम केसली तथा उसके पुत्र खेमू चन्द्रवंशी आयु 30 वर्ष निवासी केसली को गिरफ्तार कर लिया।

## नेत्रहीन ग्रामीण ने रची थी हत्या की साजिश



इस हत्याकाण्ड की गुत्थी सुलझाने वाली दशरंगपुर पुलिस ने खुलासा किया है कि आपासी रंजिश के चलते जिस व्यक्ति ने इस हत्याकाण्ड की साजिश रची थी वह नेत्रहीन है। पुलिस के मुताबिक दो साल पूर्व आरोपी नेत्रहीन नकुल चन्द्रवंशी के पुत्र के साथ रोहित ने मारपीट की थी और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। तभी से नेत्रहीन नकुल अपने पुत्र का बदला लेने के लिए तिलमिला रहा था। लेकिन नेत्रहीनता के कारण वह कुछ नहीं कर पा रहा था। यही वजह है कि उसने रोहित को मौत के घाट उतारने के लिए अपने पुत्र खेमू के साथ मिलकर जग्गू का हत्या की सुपारी देकर अपना दो साल पुराना बदला पुरा किया।

### पिता और भाई ने लिया मारपीट का बदला

रोहित की हत्या के मास्टर माईंड नेत्रहीन नकुल चन्द्वंशी के दिल में रोहित से बदले की भावना किस कदर थी उसे इस बात से भी समझा जाप सकता है कि नकुल ने जिस जग्गू को रोहित की हत्या करने का जिम्मा दिया था उसे स्पष्ट कहा गया था कि रोहित को ठीक उसी तरह से मौत के घाट उतारना है जिस ढंग से उसने उसके पुत्र दीपचंद के सिर पर वार कर लाचार कर दिया था। यही वजह है कि जग्गू ने रोहित की हत्या के लिए वजनदार हंथोड़ी की उपयोग किया और उसके सिर पर ही वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

# 39 वां नेत्र दान पखवाड़ा का किया गया आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुधवार को 39 वां नेत्र पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कबीरधाम जिला मुख्यालय स्थित सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. बीएल राज, सेवानिवृत डॉ. एनके यदु नेत्र सर्जन, डॉ. क्षमा चोपड़ा, डॉ. गौरव सिंह परिहार, डीपीएम अनुपमा तिवारी, वरिष्ठ नागरिक समिति के श्री जैन, मितानिन समन्वयक, सेवानिवृत कर्मचारी, विवेकानंद अकादमी के सदस्य, स्कूल के बच्चे सहित नेत्र सहायक अधिकारी मनीष जॉय, प्रभात गुप्ता, धीरेंद्र शर्मा, राजेश बिसरिया आदि उपस्थित थे। इस अवसपर नेत्र दान के महत्व पर डॉ. क्षमा चोपड़ा ने प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि एक व्यक्ति के नेत्र दान से आधुनिक तकनीक के अनुसार कॉर्निया के लेयर की जरूरत अनुसार लगभग 4 से 6 अंधे लोगों को प्रत्यारोपण कर रोशनी प्रदान की जा सकती है। डॉ. बीएल राज ने भी नेत्र दान सहित अंग दान के महत्व पर प्रकाश डाला। मनीष जॉय ने बताया की 2018 में कुसुमघटा से मृतक वर्मा परिवार से नेत्र दान हुआ था। तब से लेकर अभी तक जिले में पुनः नेत्र दान नही हुआ है। उन्होने लोगों से नेत्रदान की अपील की।

### नेत्रदान के लिए जागरुकता आभाव

स्वास्थ्य विभाग की माने तो 2018 में कुसुमघटा से वर्मा परिवार के एक दानदाता ने नेत्र दान किया था। तब से लेकर अभी तक जिले में पुनः नेत्र दान नही हुआ है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि जिले में नेत्रदान को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों का आभाव है। माना जा रहा है कि नेत्रदान के प्रति लोगों को अगर जागरूकता किया जाए तो इसके बेहतर परिणाम सामने आ सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### इकराम खान बनाए गए जिले के सदस्यता प्रभारी



**कवर्धा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने अपने सदस्यता प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। जारी सूची के मुताबिक इकराम खान को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कबीरधाम को सदस्यता प्रभारी बनाया गया। श्री खान ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने सदस्यता महापर्व की शुरूआत की है। जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ को एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेशभर मे प्रभारियों की नियुक्ति की गईं। जिसमे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इकराम खान को कवर्धा का प्रभारी नियुक्ति किया गया है। जिसे लेकर अल्पसंख्यकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्री खान ने अपनी इस नियुक्ति पर पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### पिपरिया में हरिकीर्तन का आयोजन 6 को

**पिपरिया।** हरितालिका तीज के पावन पर्व पर नगर पिपरिया मे श्री सीताराम नाम हरिकीर्तन (रामधुनि) का आयोजन 6 सितम्बर शुक्रवार को 24 घंटे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजकों द्वारा सभी मंडलियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

### अंडर 23 व सीनियर क्रिकेट हेतु ट्रायल 8 को

**कवर्धा।** छग राज्य क्रिकेट संघ, रायपुर के निर्देशानुसार अगामी सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न आयुवर्ग के किक्रेट खिलाड़ियों की जिले की टीम का गठन किया जाना है । जिसके लिए 08 सितंबर को अंडर 23 एवं सीनियर (मेंस) खिलाड़ियों के ट्रायल लिये जायेंगे। छग राज्य क्रिकेट संघ ( सीएससीएस) के द्धारा आगामी सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न आयु वर्ग के टीम गठन के लिए छग के जिले के सभी क्रिक्रेट संघों को निर्देशित किया गया है। बीसीसीआई अंतर्गत होने वाले विभिन्न आयु वर्ग के अंर्तजिला प्रतियोगिता अक्टूबर माह से होना प्रस्तावित है। जिसके लिए कवर्धा जिले की भी अंडर 23, और सीनियर वर्ग के (पुरूष वर्ग) के डियुस बॉल क्रिकेट खिलाड़ियों के टीम में गठन किया जाना है। जिसके लिए 08 सिंतबर रविवार को प्रातः 10 बजे से आउटडोर स्टेडियम में दोनों वर्गो के टीम चयन हेतु ट्रायल्स का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

# सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों पर चालानी कार्यवाई

## शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने एसपी खुद उतरे सड़क पर






हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा स्वयं सड़क पर उतरकर कवर्धा शहर के अंदर बेतरतीब तरीके से खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ मौके पर ही चालानी कार्यवाही की जा रही है। गौरतलब है कि इस समय कवर्धा नगर के बाजार में तीज त्यौहार की भारी चहलकदमी दखेने को मिल रही है। विशेषकर शाम के समय तो नगर के बाजार में रेलमपेल की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिसकी मुख्य वजह सकरे और तंग बाजार क्षेत्र में बेतरतीब वाहनो की पार्किंग। शहर की सड़कों पर जहां-तहां खड़े वाहनों की वजह से लगने वाले जाम को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा दुरूस्थ किया जा रहा और पुलिस कप्तान की मौजूदगी में इन लापरवाह वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। ऐसी ही कार्यवाही बुधवार को के भारत माता चौक, चौपाटी, बस स्टैंड, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, गुरुनानक चौक, ठाकुर देव चौक, दर्री पारा, बाजार में देखने को मिली। जहां पुलिस टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग कर शहर के अंदर बेतरतीब तरीके से खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चलानी कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि चालानी कार्यवाही के दौरान सभी दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे दुकानों के आगे वाहनों को खड़ा करने की बजाए इसे खाली रखें ताकि लोगों को आने जाने में किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। वाहनों के सड़कों पर खड़े होने से इन स्थानों पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। एसपी ने कहा कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

# आदि-प्राचीन काल से धार्मिक, अध्यात्म और जन आस्था का केन्द्र है बखारीपाठः उपमुख्यमंत्री शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान आज आदि-प्राचीन काल से धार्मिक, अध्यात्म और जन आस्था का केन्द्र ग्राम बखारीपाठ में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और जिले तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश विकास, समृद्धि,खुशहाली और क्षेत्रवासियों के प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा।उन्हांने बखारी पाठ के समृद्धि और विकास के लिए पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण और मंच निर्माण कराने के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होने राम मंडली में आए पांच मंडली को 21-21 सौ रूपए देने की घोषणा की। उन्होने मेला समिति की अन्य मांगों पर भी सैद्धांतिक सहमति देते हुए सभी मांगों को प्राथमिकता में रखते हुए पूरा करने का भरोसा भी दिलाया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि



ग्राम बखारीपाठ आदि-प्राचीन काल से धार्मिक, अध्यात्म और जन आस्था का केन्द्र है। यहां नागरिक प्राचीन काल से पूजा-अर्चना करते आएं है। जिसका पौराणिक महत्व है। यह क्षेत्र दार्शनिक स्थल के लिए प्रसिद्ध है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में 16 ग्राम और 10 ग्राम पंचायत के लोग बखारीपाठ में पूजा अर्चना करने आते है और धार्मिक जनआस्था का केन्द्र है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास होने से नागरिकों का विकास होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अंचल के गांवों के विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे है। गांव के विकास होने से शहर तक पहुंच का मार्ग बनेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष संतोष पटेल, ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, मनिराम साहू, नरेन्द्र मानिकपुरी सहित बखारी पाठ मेला समिति के पदाधिकारी सहित आसपास के ग्रामीणजन और पंच-सरपंच जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# महली स्कूल के प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

राजीव गांधी हायर सेकेंड्री स्कूल महली के होनहार एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पारस बंगानी जनपद सदस्य उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर चंद्राकर एवं बसंत शुक्ला उपस्थित थे। इस अवसर पर कक्षा 9 वी 10 वी एवं 11 वी व 12 वी के प्रतिभावान छात्र छात्रों को मेडल, 1000 रुपए नगद एवं शिक्षा सामग्री देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया है उनमें कक्षा बारहवीं कुमारी ओमनी चंद्रकार, कुमारी दूरपति साहू, कुमारी रंजली साहू, कक्षा ग्यारहवीं कुमारी जलेश्री चंद्राकर, कुमारी ललिता चंद्राकर, कुमारी नम्रता साहू, कक्षा दसवी कुमारी राधिका साहू, कुमारी रंजिता मेहरा, कुमारी पायल चंद्राकर, कक्षा नवमी कुमारी प्रियंका बघेल, कुमारी रामेश्वरी, कुमारी कांति अनंत, सुभाष जायसवाल शामिल हैं। इस अवसर पर महली हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य जयराम साहू, बिहारी चंद्राकर उपस्थित थे।

## प्रतिभाओं का सम्मान...



**पंडरिया।** विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम महली स्कूल में आयोजित किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह।

# मेहनत, लगन व जुनून से शिक्षक हेमधर ने बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर, विकासखण्ड कवर्धा, जिला कबीरधाम में व्याख्याता रहे हेमधर साहू अपनी लगन, बेहनत और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वाहन करने वाले एक ऐसे शिक्षक है जो किसी पहचान के मौहताज नहीं है। वर्तमान में वे विभागीय बीएड में चयन होने पर शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में इंटर्नशिप कर हैं। यहां भी हेमधर साहू ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही शिक्षा महाविद्यालय के बाघ इको क्लब के बैनर तले जेएन पाण्डेय स्कूल, अमीनपारा मिडिल स्कूल, दानी गर्ल्स स्कूल, लालपुर स्कूल, अभ्यास शाला डाइट के मिडिल स्कूल के शिक्षक - शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को साथ लेकर, पक्षी बचाओ, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता व मतदाता जागरूकता अभियान पर नाटक, गीत, कविता, श्लोगन के माध्यम से बुढा तालाब, मरीन ड्राइव, घड़ी चौक, पहाड़ी मैंना चौक, शास्त्री बाजार,




लालपुर बस्ती रामनगर, जय स्तंभ चौक व रायपुर के विभिन्न चौक-चौराहों, नुक्कडों इत्यादि में शनिवार-रविवार तथा अवकाश दिवस में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए, बैनर, फ्लैक्स, स्वयं के संसाधनों से जुटाकर, लगन व निष्ठा व निःस्वार्थ भाव से जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जोड़कर, समाज, राष्ट्र व प्रकृति की सेवाकार्य का बीड़ा उठाए हुए हैं। गांव का शिक्षक जिसका रायपुर में कोई परिचित ना हो, जो रायपुर शहर का ना हो, तब तो यह काफी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। हेमधर साहू सरकारी शिक्षक हैं, गतिविधियों को कराने के साथ साथ पढ़ाई में भी वे पीछे नहीं है। शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में 75 फ्रेशर तथा 75 डिपार्टमेंटल कुल 150 बीएड विद्यार्थियों में, प्रथम सेमेस्टर में 81 प्रतिशत तथा द्वितीय सेमेस्टर में 80 प्रतिशत अंकों के साथ पूरे कालेज में प्रथम स्थान पर रहें हैं। वर्तमान में वे शासकीय सेजेस स्कूल लालपुर में इंटर्नशिप कर रहे हैं। हेमधर साहू ₹उल्लास साक्षरता₹ कार्यक्रम में, शिक्षा के लिए अपनी पूरी निष्ठा से कार्य कर रहें हैं, एक वर्ष में ही इन्होंने सैकड़ों रैली, जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम से लोगों को जोड़ा है व राष्ट्र उत्थान में कार्य किया है। हेमधर साहू रायपुर आने से पूर्व कबीरधाम जिले के वनवासी आदिवासी क्षेत्रों में अपने प्रत्येक वर्ष गर्मियों की छुट्टी में, शिक्षा के पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षारथ के माध्यम से, शिक्षा की अलख जगाई थी वे रात्रि विश्राम भी रथ में किया करते थे,जिस हेतु वर्ष 2017 में 5 सितंबर को, राजभवन में राज्यपाल द्वारा हेमधर साहू द्वारा सम्मानित किया गया था। ग्रामीण स्कूल का राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, शासकीय शिक्षक सुख-सुविधाओं को त्यागकर, विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य करना वास्तव में राष्ट्र के लिए अमूल्य निधि है।

# कबीरधाम जिले में महिला खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

- 9 से 35 वर्ष तक के प्रतिभागी ले सकते है प्रतियोगिता में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ष महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत महिला खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए 09 से 18 वर्ष तक एवं 18 से ऊपर-35 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स (100 मी., 400 मी. दौड़, तवा फेंक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबाल, कुश्ती, बास्केटबाल, फुटबाल, वेटलिफ्टिंग रस्साकसी को सम्मिलित किया गया है। प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जाएगा। उन्होनें बताया कि 10 सितंबर को बोड़ला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघारी, 11 सितंबर को सहसपुर लोहारा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रक्से, 12 सितंबर को पंडरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी और 13 सितंबर को कवर्धा के आउटडोर स्टेडियम में किया जाएगा। जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 19 सितंबर को आऊटडोर स्टेडियम मैदान कवर्धा में आयोजन होगा।

## सार समाचार

### नेट-सेट पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर के निर्देशन में अंग्रेजी विभाग द्वारा नेट-सेट की तैयारी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समझौता ज्ञापन गतिविधियों के अंतर्गत किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. पुण्यप्रदा सिंह सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की प्रमुख डॉ. अनिता शंकर ने की। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नेट-सेट परीक्षा की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां और रणनीतियों के बारे में बताया गया।



प्रो. सिंह ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तक प्रभावी संचार में बाधाएं: इसकी अवधारणाएं और सिद्धांत का विमोचन किया गया। इस अवसर पर लिटरेरी एसोसिएशन 2024-25 का पुनर्गठन हुआ और पदाधिकारियों ने शपथ ली। अध्यक्ष के पद पर मेघा जैन, उपाध्यक्ष मधु चंद्रवंशी, सचिव पूर्वी बागडे, सह-सचिव सृष्टि देवांगन एवं कोषाध्यक्ष के पद पर माही ने शपथ ग्रहण किया।

### गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर काव्यांजलि

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा श्री रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के जन्मोत्सव पर जिला ग्रंथालय में साहित्यिक आयोजन कर उन्हें याद करते काव्यांजलि दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी शारदा तिवारी, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, आत्माराम कोशा, प्यारेलाल देशमुख, मानसिंह, रोशन साहू, आनंदराम सार्वा ने किया। इस अवसर पर कवि प्यारेलाल देशमुख ने छत्तीसगढ़ी में काव्यपाठ किया। मुख्य अतिथि शारदा तिवारी ने कहा कि मूल नक्षत्र में जन्मे तुलसी दास को जीवनभर कष्ट भोगनी पड़ी। उनके द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस महाकाव्य का पूरी दुनिया लोहा मानती है। गोस्वामी सही मायनों में समन्वयवादिता के प्रतीक हैं। उन्हें युगों-युगों तक याद किया जाता रहेगा। अध्यक्षता करते राकेश इंदूभूषण ठाकुर ने तुलसी दास को पहले भक्त और पीछे कवि होने की बात कही। उनकी अंतरात्मा भक्ति-भावना के लिए छटपटाने लगी तो गोस्वामी ने विनय-पत्रिका का सृजन किया। साहित्य समिति के अध्यक्ष आत्माराम कोशा ने कहा कि गोस्वामी अपनी गहन भावानुभूति को कलात्मकता का सुंदर कलेवर कर के जन-मानस को विमोहित किया है। इस दौरान समिति के सचिव मानसिंह, लोक गायक मनहरण साहू ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कवि रोशन साहू ने किया। इस अवसर पर क्रांतिकुमार साहू, रोहित व स्टाफ समेत अन्य लोग शामिल थे।




### नृत्य स्पर्धा में गायत्री विद्यापीठ की शानदार प्रस्तुति

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के छात्रों ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में शानदार प्रस्तुति देकर अपना स्थान बनाया। भिलाई शहर के कृष्णा पब्लिक स्कूल में 21 अगस्त को आयोजित प्रज्ञोत्सव इंटर स्कूल राज्य स्तरीय एकल नृत्य प्रतियोगिता में गायत्री स्कूल राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करते राशि कांकरिया ने कथक नृत्य में दूसरा स्थान, अग्रता सिमनकर और याशी दवे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



इस अवसर पर शाला प्राचार्य शैलजा नायर ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति पर मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### छत्तीसगढ़ गौरव से सम्मानित हुई वैष्णावी

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में अध्ययनरत छात्रा वैष्णवी रंगारी कक्षा 7वीं को साहित्य अकादमी छग रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसका श्रेय छात्रा ने विद्यालय एवं अपने माता-पिता को दिया है। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।



### महतारी वंदन योजना से गदगद हैं महिलाएं - हेमिन



**राजनांदगांव।** पोला पर्व पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की महतारियों का ख्याल रखते सातवीं महतारी वंदन योजना की राशि हस्तांतरित की। प्रदेश की महिलाओं को एक हजार रुपए की सहयोग राशि सीधे उनके खाते में मिली। इस पर हर्ष व्यक्त करते भाजपा महिला मोर्चा सदस्य हेमिन लाउत्रे ने आभार जताते कहा कि मुख्यमंत्री ने तीजा पर तिजहरिन बहनों को जो तोहफा दिया है, उससे प्रदेश की माताओं-बहनों में खुशी है।

### झांकी पुरस्कार पुनः आरंभ करने की मांग

**राजनांदगांव।** नगर के गणेश मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा दो-तीन माह पूर्व से ही गणेश झांकी की तैयारी प्रारंभ कर दी जाती है। तिरंगा मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री गणेश झांकी प्रोत्साहन राशि नगर निगम के निर्णय अनुसार विजयी गणेश मंडलों को प्रदाय की जाती थी।
इसके लिए तिरंगा गणेश मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानेश्वर मेश्राम, सचिव रजत भोईर, सहसचिव अखिलेश ठावरे ने गणेश पर्व पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दी जाने वाली गणेश झांकी पुरस्कार राशि व प्रोत्साहन राशि को पूर्व की दी जाने वाली राशि में वृद्धि कर पुनः प्रारंभ किए जाने विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. रमन सिंह को मांग पत्र सौंपकर आग्रह किया है।

# एक रूट से विसर्जन झांकियां निकालने समितियों में बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में गणेश विसर्जन झांकी रूट और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में गणेशोत्सव समितियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश उत्सव झांकी की गौरवशाली परंपरा रही है। यहां गणेश उत्सव झांकी देखने जिलेभर के नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इसके लिए निर्धारित रूट से झांकियां निकालना होगा।

उन्होंने कहा कि सभी झांकियों को निर्धारित समय और एक डायरेक्शन में झांकी निकालनी होगी। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सुविधा पहुंचनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना होगा।




#### सुरक्षा रहेगी तैनात

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि राजनांदगांव में गणेश विसर्जन की झांकी बहुत प्रसिद्ध है। उन्होंने गणेश विसर्जन झांकियों को निर्धारित रूप से ही निकालने कहा। डीजे साउंड सिस्टम की तेज आवाज से ` स्वास्थ्य पर बहुत ही बुरा प्रभाव होता है।

#### समितियों ने दी सहमति

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व महापौर अजीत जैन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, नंदू भूतड़ा, आजाद युवा गणेश उत्सव समिति, जैन महावीर मंडल, नवीन आदर्श गणेश उत्सव समिति, सुमित मंडल, बाल गणेश उत्सव समिति, गंज लाईन उत्सव समिति, जनता कॉलोनी उत्सव समिति, आशीर्वाद मंडल, दुर्गा मंडल, गणगणेश उत्सव समिति, सिद्धि विनायक समिति, विनायक समिति, जय गणेश उत्सव समिति, बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति, तिरंगा गणेश मंडल, शीतला गणेश उत्सव समिति एवं अन्य श्रीगणेश उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

#### मानव मंदिर चौक से निकलेगी झांकियां

इसके लिए गणेश उत्सव समितियों की सर्वसहमति से गणेश विसर्जन झांकी का रूट चार्ट तय किया गया। सभी गणेश विसर्जन झांकियां विसर्जन के लिए मानव मंदिर चौक से निकाली जाएगी। झांकी को महावीर चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए मानव मंदिर चौक लानी होगी। इसी तरह गुरूद्वारा चौक से मानव मंदिर चौक और दुर्गा चौक से मानव मंदिर चौक लानी होगी। झांकियां मानव मंदिर चौक से आजाद चौक होते हुए भारत माता चौक, कामठी लाईन, सुरजन गली, रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, गंज चौक, नंदई चौक से मोहारा नदी जाएगी। स्वागत पंडाल गंज चौक में लगाया जाएगा।

#### डीजे पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर अग्रवाल ने डीजे संचालन के लिए उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग के लिए जारी आदेश की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झांकी में तेज आवाज में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश का उल्लंघन करते पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थल झांकी और विसर्जन झांकी में 2-2 अग्निशमन सिलेंडर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झांकी के दौरान प्रत्येक गतिविधियों की फोटो एवं वीडियोग्राफी की जाएगी। किसी भी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निगम सभागृह में गणेश पर्व स्पर्धा का पुरस्कार वितरित

# सालभर इंतजार के बाद मिला पुरस्कार विजर्सन झांकी में बाल समाज अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव।

नगर निगम द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित समितियों को पुरस्कार वितरण करने नगर निगम सभागृह में आज पूर्वान्ह महापौर हेमा सुदेश देशमुख की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महापौर सहित नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के अलावा स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, राजेश जैन रानू, मणीभास्कर गुप्ता, गगन आईच व पार्षद प्रतिनिधि मदन मंटू यादव ने गणेश समितियों को पुरस्कृत किया।गणेश पर्व प्रतियोगिता में चयनित गणेश समितियों में महापौर एवं अतिथियों ने सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति सदर बाजार बसंतपुर थाना के पास को 6 हजार रुपए का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त महाराजा मंडल गणेश उत्सव समिति कामठी लाईन को 4 हजार रुपए का चेक व तृतीय स्थान प्राप्त पाटीदार गणेश उत्सव समिति पाटीदार भवन को 3 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार विसर्जन झांकी प्रतियोगिता के अ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त बाल समाज गंज लाईन को 41 हजार रुपए का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त सुमति मंडल कामठी लाईन को 21 हजार रुपए का चेक एवं तृतीय स्थान प्राप्त बस स्टैंड गणेश उत्साव समिति पुराना बस स्टैंड को 11 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही विसर्जन झांकी के ब वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक को 31 हजार रुपए का चेक, द्वितीय स्थान प्राप्त तिरंगा मंडल कमल टाकीज चौक को 18 हजार रुपए का चेक एवं तृतीय स्थान प्राप्त महावीर मंडल गणेश उत्सव समिति बालगोविंद चौक को 10 हजार रुपए का चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया।



#### पुरस्कार राशि में बढ़ोत्तरी, सड़कों की मरम्मत की उठी मांग

महापौर श्रीमती देशमुख ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कारधानी की झांकी पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। यहां की झांकी राजधानी रायपुर के अलावा अन्य शहरों में जाती है। उन्होंने कहा कि गणेश समितियों की मांग पर गत वर्ष से पुरस्कार राशि बढ़ाई गई थी। उसी के आधार पर इस बार भी पुरस्कार दिया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने महापौर एवं आयुक्त से कहा कि झांकी का रूट तय हो चुका है। झांकी निकलने के पूर्व रूट की सड़कों का मरम्मत कराया जाए।

#### हॉकी और झांकी का शहर - आयुक्त

नगर निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि राजनांदगांव की हॉकी व झांकी देश एवं प्रदेश में प्रसिद्ध है। महाराष्ट्र मुंबई में गणेश पर्व उत्साह से मनाते है, लेकिन मैं पिछली बार राजनांदगांव में देखा कि आप लोग समर्पित होकर जीवंत गणेश झांकी बनाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की झांकी मैंने पहली बार देखा, झांकी का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा।

#### हफ्तेभर के भीतर हो घोषणा

गणेश समिति के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर अपने विचार रखते कहा कि गणेश प्रतियोगिता का परिणाम विसर्जन के एक सप्ताह के अंदर घोषित हो जानी चाहिए। साथ ही स्थानीय स्तर पर झांकी निर्माण करने वाले समितियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। महापौर श्रीमती देशमुख ने पदाधिकारियों की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

# शिक्षक दिवस पर आज कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षक दिवस के अवसर पर आज शहर सहित पूरे जिलेभर में कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया है। पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा इस वर्ष भी समाज के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह का आयोजन कल 5 सितंबर को रात्रि 7 से 10 बजे तक सिंधु भवन में होगा।

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं विशेष अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष महेश रोहरा उपस्थित रहेंगे। समाज के मीडिया प्रभारी अर्जुन गंगवानी ने बताया कि इस वर्ष 200 से अधिक बच्चों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें उच्च शिक्षा के 30 मेधावी छात्रों का भी सम्मान किया जाएगा।

#### अग्रवाल समाज

कल 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर अग्रवाल समाज द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू खोखरिया ने बताया कि अपने जीवन में लंबे संघर्ष के बाद नारी गरिमा तथा अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली राजनांदगांव की शिक्षाविद गीतादेवी अग्रवाल की स्मृति को संजोते यह कार्यक्रम उन्हें आदरांजलि है। सायं 4 बजे अग्रसेन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व शिक्षक रामावतार गोयल होंगे।

#### ब्रह्माकुमारीज में शिक्षक स्नेह मिलन

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा शिक्षक दिवस पर शाम 7 बजे शिक्षक स्नेह मिलन एवं सारगर्भित उद्बोधन का कार्यक्रम रखा गया है। यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज के लालबाग गली नं. 1 स्थित सेवाकेंद्र वरदान भवन में आयोजित होगा। आयोजन में उपस्थिति की अपील की गई है।

# मछली पालन के लिए मुर्गी खाद डालने से जल स्रोतों से आ रही बदबू, गांव में पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंद पड़े पत्थर खदान को ग्राम पंचायत द्वारा मछली पालन के लिए लीज पर दिए जाने के बाद लीज धारक द्वारा यहां मुर्गी खाद डालने से आसपास के जल स्रोतों से बदबू आने के मामला सामने आया है। बड़ी संख्या में देवडोंगर के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने यहां के जल स्रोतों की जांच किए जाने को लेकर कलेक्टर ने नाम ज्ञापन सौंपा है।

जिले के घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरडीहखुर्द के आश्रित ग्राम देवडोंगर से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा बंद पड़े पत्थर खदान को मछली पालन के लिए लीज पर दिया गया है। वर्तमान में खदान पानी से लबालब है और यहां से आसपास के कुएं, ट्यूबवेल, हैंडपंप में खदान से जल स्रोत भी है। मछली पालन के लिए लीज पर लेने वाले व्यक्ति द्वारा लगभग 15 दिन पूर्व खदान के पानी में एक हाईवा मुर्गी खाद डाल दिया गया है। जिससे पानी से बदबू आ रही है। वहीं आसपास के जल स्रोतों में भी वही बदबू है। जिसकी वजह से उन्हें निस्तारी और पीने के पानी की समस्या हो रही है।



#### गांव में हुई थी बैठक

बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि खदान लीज पर लेने वाले व्यक्ति द्वारा मुर्गी खाद डालने के बाद गांव में इस संबंध में बैठक की गई। जिसमें उसने खदान का पानी खाली करने की बात कही थी, लेकिन बाद में वह मुकर गया, तब मजबूरन शिकायत लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय आना पड़ा है। ग्राम पटेल रिखीराम मांडवी ने कहा कि इस खदान का पानी आसपास के जल स्रोतों में जाता है। मुर्गी खाद डालने से पानी में काफी बदबू है।

#### की जाएगी जांच

ग्रामीण पानी प्रदूषित होने की शिकायत लेकर आए थे। पीएचई विभाग और तहसीलदार के माध्यम से मामले की जांच की जाएगी।

**मनीष वर्मा, तहसीलदार**

# शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित होंगे शिक्षक

**मोहला।** शिक्षक दिवस पर अपने कर्तव्यों के साथ शिक्षा व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से ज्ञानदीप पुरस्कार के लिए कुमार लाल पुरामे शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला वागिनसुर मोहला, सोनसिंग कोमरे उच्च वर्ग शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला जबकसा मानपुर, ताम्रध्यक्ष साहू उच्च वर्ग शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला जादूटोला अं. चौकी, शिक्षा दूत पुरस्कार के लिए वेदराम रावटे साहयक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला माडिगपिडीग धेनु मोहला, विद्या श्रीरंगे प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पुतरगोदी मोहला, अमित कुमार बांम्बेश्वर सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला चंदनबिहारी मोहला, अजय ठाकुर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बोरिया ठेकेदारी मानपुर, कमला दरों प्रधानपाठक प्राथमिक शाला लेखेपाल मानपुर, प्रदीप मंडावी प्रधान पाठक प्राथमिक शाला कुम्हली मानपुर, कृपाराम साहू सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला घोरदा अंबागढ़ चौकी, योगेंद्र देवांगन प्रधान पाठक सीरलगढ़ अंबागढ़ चौकी, सुचित्रा सोनी प्रधान पाठक तरियापारा कौड़ीकसा को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला में शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

### आभा की रचनाओं का प्रसारण आज

**राजनांदगांव।** वरिष्ठ साहित्यकार आभा श्रीवास्तव की रचनाओं का प्रसारण रेडियो आकाशवाणी रायपुर से कल 5 सितंबर को किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से रेडियो में प्रसारित होने वाले कार्यक्रम बिंदिया के अंतर्गत काव्य सौरभ कविता-पाठ में आभा श्रीवास्तव की रचनाओं नारी, परिवर्तन नहीं होता, सावन, राही आदि कविताएं एफएम में भी प्रसारित हो चुकी है।

## पार्षदों को नहीं मिला वेतन, भेदभाव का लगा आरोप

# महापौर के चेंबर में आयुक्त का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर और पार्षद निधि की राशि जारी नहीं होने सहित 10 माह से पार्षदों का वेतन लंबित होने के मामले और शहर विकास के कार्य ठप होने और नगर निगम आयुक्त द्वारा पार्षदों की बातें नहीं सुनी जाने के मामले को लेकर नाराज कांग्रेसी पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त चेंबर में तालाबंदी की चेतावनी दी थी।

आज सुबह लगभग 11 बजे महापौर कक्ष में कांग्रेसी पार्षद एकत्रित होने लगे। इस दौरान आयुक्त भी अपने चेंबर में पहुंच गए थे। इसके बाद महापौर के साथ कांग्रेसी पार्षदों ने चर्चा की और फिर आयुक्त को महापौर कक्ष में आने बुलावा भेजा गया। इसके बाद निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता महापौर कक्ष में पहुंचे और पार्षदों ने शहर विकास सहित विभिन्न मामलों को लेकर अपनी भड़ास निकालनी शुरू कर दी।



#### वार्ड के विकास कार्यों को रोका जा रहा है

महापौर की उपस्थिति में कांग्रेस पार्षदों ने आयुक्त से कहा कि शासन से पैसा नहीं आने की बात कहकर वार्ड के विकास कार्यों को रोका जा रहा है। बैठक में एक पार्षद ने कहा कि जब पैसा शासन से नहीं आ रहा है तो फिर रोज चेक कैसे कट रहा है। उन्होंने कहा कि कहां अर्जी लगानी है, हमें बता दें, हम भी जनता के लिए अर्जी लगाने तैयार हैं। इस पूरे मामले में महापौर द्वारा आयुक्त के खिलाफ भड़के पार्षदों और आयुक्त के बीच मध्यस्ता करने की बात सामने आई है। महापौर की समझाईश पर कांग्रेस पार्षदों ने आयुक्त कार्यालय पर ताला नहीं जड़ा है।

#### दो विशेष सफाई ठेकेदारों को हुआ पेमेंट

शहर के 28 वार्ड सफाई ठेके पर है, जिन्हें 9 माह से पेमेंट नहीं हुआ है। वहीं शहर के दो सफाई ठेकेदारों को पेमेंट कर दिया गया है।
पार्षदों ने कहा कि पीएम आवास स्वीकृत नहीं हो रहा है। राशन कार्ड बन रहा है, लेकिन जांचकर्ता द्वारा मामला अटकाकर लेनदेन की शिकायत भी आ रही है। विकास कार्य के लिए पार्षदों की फाइल लटकाई जा रही है। ठेकेदार द्वारा ट्यूबलर पोल का कार्यादेश जारी होने के बाद भी कार्य नहीं किया जा रहा है। पार्षदों ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है।

